विचार

तुममें सत्य के प्रति जितनी आस्था है, उससे अधिक भय और संकोच है, भय और संकोच तुम्हें सत्य का पक्ष नहीं लेंगे देंगे

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com





पेज 4

दिल्ली, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024

वर्ष- 2 | अंक-316 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित


## न्यूज. ब्रीफ

### तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले के खिलाफ अवमानना याचिका दायर

**नई दिल्ली।** मानहानि मामले में अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर संयुक्त राष्ट्र में पूर्व भारतीय सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। लक्ष्मी पुरी ने टीएमसी सांसाद गोखले पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अदालत ने एक जुलाई को पारित आदेश में चार सप्ताह के अंदर गोखले को उनके विरुद्ध किए गए सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने व 50 लाख रुपये का जुमार्ना देने का आदेश दिया था। हालांकि, उक्त आदेश का अनुपालन अभी तक नहीं हुआ।

### सोनाक्षी सिन्हा पर कुमार विश्वास की टिप्पणी, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत सुनाने लगी खरी-खरी

नई दिल्ली। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पर टिप्पणी करके कुमार विश्वास फंसते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हो रही है। अब कुमार विश्वास राजनीतिक दलों के निशाने पर भी आ गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पोस्ट लिखी है, जिसमें उन्होंने कुमार विश्वास को जमकर सुनाया है। उन्होंने लिखा है कि अगर आपके अपने घर में एक बेटी हो तो क्या आप किसी और की बेटी पर भद्दी टिप्पणी करके सस्ती तालियां बटोरेंगे? ऐसा करने पर आप किस हद तक गिरे हुए हैं, इसका अंदाजा लग ही गया है। इसके अलावा सुप्रिया ने लिखा है कि श्रीराम और रामायण किसी की बपौती नहीं हैं। कांग्रेस नेता श्रीनेत ने लिखा है कि आपके शब्द ह्यवरना आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठा कर ले जायेगा, क्या लड़की कोई समान है,

### आयोजकों पर भड़की मोनाली ठाकुर, वाराणसी कॉन्सर्ट बीच में छोड़कर चली गई

मुंबई। सिंगर मोनाली ठाकुर की सिंगिंग के लोग दीवाने हैं। उनके कॉन्सर्ट में फैंस की भारी भीड़ जुटती है। लेकिन हाल ही में हुए वाराणसी कॉन्सर्ट में सिंगर ने बुरा अनुभव हुआ। बुरे मैनेजमेंट की वजह से मोनाली इस कदर परेशान हुईं कि बीच में कॉन्सर्ट छोड़कर चली गईं। 22 दिसंबर को मोनाली वाराणसी में कॉन्सर्ट के लिए पहुंची थीं। इसके लिए वे और उनकी टीम उत्साहित थी। लेकिन वहां पहुंचकर जो नजारा सिंगर ने देखा, इसके बाद वे अपने गुस्से को कंट्रोल नहीं कर सकी और बीच में ही कॉन्सर्ट छोड़ने का स्टेज से ऐलान कर दिया। वीडियो में मोनाली कहती हैं, मेरा दिल टूट गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर का क्या हाल है वे तब मैं छोड़ ही देती हूं।

### सरकार ने खत्म की क्लास 5 व 8 की नो डिटेंशन पॉलिसी

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए अब नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। अब कक्षा 5 और 8 में वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण कर दिया जाएगा। असफल छात्रों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, लेकिन अगर वे दोबारा असफल होते हैं, तो उन्हें पदोन्नत नहीं किया जाएगा। स्कूल 8वीं कक्षा तक किसी छात्र को निष्कासित नहीं करेगा। सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने के साथ ही एक लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था को बदल दिया है।

## निर्धारित मार्ग से भटक गई वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव की जगह कल्याण की ओर मुड़ गई

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी)-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई। दरअसल, ट्रेन मडगांव जा रही थी, लेकिन ठाणे जिले के दीवा स्टेशन पर तकनीकी खराबी के कारण वह दूसरे रास्ते पर चली गई। ट्रेन के दूसरे रास्ते पर जाने से गोवा की यात्रा में 90 मिनट की देरी हुई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कोंकण जाने वाली ट्रेनों द्वारा इस्तेमाल होने वाला दिवा-पनवेल रेलवे मार्ग पर पनवेल स्टेशन की ओर बढ़ने के बजाय एक्सप्रेस ट्रेन सुबह छह बजकर 10 मिनट पर कल्याण की ओर मुड़ गई। इस घटना के कारण मध्य रेलवे पर मुंबई की लोकल ट्रेन सेवाओं में देरी हुई। रेलवे ने बताया कि घटना दिवा जंक्शन पर डाउन फास्ट लाइन और पांचवीं लाइन के बीच बिंदु संख्या 103 पर सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणाली में गड़बड़ी के कारण हुई। दिवा जंक्शन से कोंकण की ओर जाने वाली सभी ट्रेन नियमित मार्ग पर पनवेल स्टेशन जाती हैं।

## पीएम मोदी ने 71 हजार लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटे, कहा

# डेढ़ साल में करीब 10 लाख पक्की नौकरी दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर बांटे। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा रोजगार मेला है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार में करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी गईं। पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। आज युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो रहा है। रोजगार मेले की शुरूआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 14



मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। इससे पहले आखिरी रोजगार मेला 29 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 51 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटा गया था। विकसित भारत का संकल्प पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है और लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है, क्योंकि भारत में हर नीति और हर निर्णय के केंद्र में भारत का प्रतिभाशाली युवा है। आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। किसी भी देश का विकास उसके युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व से होता है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी बन गए

### हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें

पीएम मोदी नेकहा कि आज हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। गर्भवती महिलाओं को 26 हफ्ते की छुट्टी के हमारे फैसले ने हजारों बेटियों के सपने को टूटने से रोका, उनके करियर में सहायता की। सुकन्या समृद्धि योजना से निश्चित किया कि उनकी पढ़ाई में आर्थिक परेशानी न आए। जनधन खाते खोले जिससे सरकारी योजनाओं का फायदा सीधे मिला। मुद्रा योजना से महिलाओं को बिना गारंटी लोन मिलने लगा। आज युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है तो पूरा इकोसिस्टम सहयोग के लिए मिलता है। आज कितने ही सेक्टर्स में हम कम्पलीट ट्रांसफॉर्मेशन देख रहे हैं। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। रिन्युएबल एनर्जी से लेकर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग, स्पेस से लेकर डिफेंस, टूरिज्म से लेकर वेलनेस तक हर सेक्टर में देश नई ऊंचाइयां छू रहा है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी के नदी जोड़ो अभियान का सपना म.प्र. की धरती पर हो रहा साकार : डॉ. यादव

## बदलेगी बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर

- प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसंबर को खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का करेंगे शिलान्यास


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की प्रथम केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना केन्द्र सरकार, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के मध्य परस्पर सहयोग एवं समन्वय का एक अनूठा उदाहरण है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को साकार करने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बीड़ा उठाया है। बहुउद्देशीय और महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से किसानों को जहां सिंचाई के लिए भरपूर जल उपलब्ध होगा, वहीं पेयजल और उद्योगों के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा। क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक विकास के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में भूजल की स्थिति भी सुधरेगी। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली इस परियोजना का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसंबर को छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली



अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। यह परियोजना मध्यप्रदेश के छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर निर्मित की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊँचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल (अपर लेवल 1.9 कि.मी. एवं लोअर लेवल 1.1 कि.मी.) का निर्माण कर बांध में 2,853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। केन नदी पर दौधन बांध से 221 कि.मी. लंबी लिंक नहर के द्वारा दोनों राज्यों में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्रदाय करते हुये केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में अंतरित किया जावेगा। परियोजना से दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी एवं दतिया के 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी।

### केन-बेतवा लिंक परियोजना - प्रमुख बिंदु

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में परियोजना के कियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के मध्य 22 मार्च 2021 को त्रिपक्षीय सहमति ज्ञापन (MOA) हस्ताक्षरित किया गया।
- परियोजना की लागत राशि 44 हजार 605 करोड़ रुपए है।
- परियोजना का व्यय निर्धारण केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत के अनुपात में है।
- परियोजना से 8.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।
- परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिले छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाडी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर लाभान्वित होंगे।





- 2 हजार ग्रामों के लगभग 7 लाख 18 हजार किसान परिवार लाभान्वित होंगे।
- 10 जिलों की 44 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी।
- 103 मेगावॉट विद्युत उत्पादन होगा।
- सूखाग्रस्त बुंदेलखण्ड क्षेत्र में भूजल स्तर की स्थिति में सुधार, औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों में आत्मनिर्भरता आयेगी तथा लोगों का पलायन रूकेगा।

### प्रदेश के सिंचाई रकबे में होगी अभूतपूर्व वृद्धि

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं से प्रदेश के सिंचाई रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निमार्णाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है।

## बाइक सवार मॉ, बेटे को ओवरटेक कर रही कार ने मारी टक्कर, बेटे की मौत


### सब्जी खरीदर लौट रहे थे घर



**भोपाल।** टीटी नगर थाना इलाके में तेज तेज रफ्तार कार ने बाइक से रहे मॉ-बेटे को टक्कर मार दी। दोनो सब्जी मंडी से सामान खरीदर वापस घर लौट रहे थे। हादसे में बेटे की जान चली गई, वहीं मॉं का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पंचशील नगर में रहने वाले जीवन कुशवाह मेहनत-मजदूरी का काम करते है। उनकी पत्नी सोमवती बाई घर के बाहर ही सब्जी की दुकान लगाती हैं। परिवार का बड़ा बेटा 20 वर्षीय अंकित कुशवाह रातीबढ़ स्थित एक पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। जबकि दोनो छोटे दो भाई लव और कुश स्कूली छात्र हैं। घर के बाहर लगाने वाली दुकान के लिये सब्जी खरीदने के लिये बेटा अंकित मॉ को लेकर करोंद मंडी जाता था। सोमवार सुबह भी मां-बेटे करोंद मंडी में सब्जी लेने गये थे। सब्जी खरीदकर वापस घर लौटते समय जैसै ही वह माता मदिंर के पास स्थित प्लीटनम प्लाजा के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक को तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करने के प्रयास में टक्कर मार दी। कार की चपेट में आने से मॉ-बेटे चलती बाइक सहित सड़क पर गिरकर घिसट गये, हादसे में अकिंत की जानलेवा चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई। घायल मां सोमवती बाई को इलाज के लिये हमीदिया हॉस्पिटल पहुचांया गया जहॉं उनका उपचार चल रहा है।

### श्रीनगर में डल झील पर आधा इंच बर्फ की परत

## बद्रीनाथ में झरना जमा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार, मप्र में ओले गिरने का अलर्ट



**नई दिल्ली/ भोपाल** । उत्तराखंड के ऊंचे हिमालयी इलाकों में बर्फबारी और बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान माइनस से 10 डिग्री नीचे तक पहुंच गया है। श्रीनगर में 21 दिसंबर की रात 50 साल में सबसे ठंडी रात रही। यहां पारा माइनस 8ए था। 22 दिसंबर को तापमान 4 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। चिल्लई कलां के तीसरे दिन डल झील भी जम गई। यहां झील की सतह पर आधा इंच मोटी बर्फ की परत दिखाई दे रही है। बद्रीनाथ धाम के पास उर्वशी धारा का झरना लगातार हो रही बर्फबारी के कारण बहते-बहते ही पूरी तरह जम गया है। मौसम विभाग ने 24 से 28 दिसंबर के बीच मध्य प्रदेश में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में भी आज बारिश की संभावना जताई गई है।

### यूपी के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों का एनकाउंटर

## पंजाव में थाने पर हमला किया था, 2 एके-47 और कारतूस बरामद; 2 सिपाही जख्मी

**पीलीभीत।** मप्र के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया। पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस ने सोमवार तडके यह ऑपरेशन किया। सभी आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के सदस्य थे। इन्होंने 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया था। आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल, 2 ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए। मारे गए आतंकियों में गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह हैं। पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में एनकाउंटर हुआ। गोली लगने के बाद तीनों घायलों को पूरनपुर सीएचसी लाया गया। वहां डॉक्टरों ने सभी को मृत




घोषित कर दिया। आतंकियों को घेरा तो पुलिस पर ताबड़तोड़ फायर किए पीलीभीत एसपी अविनाश पांडेय ने बताया- सोमवार सुबह पंजाब की गुरदासपुर पुलिस की टीम थाना पूरनपुर पहुंची।

### *आतंकियों ने 100 से ज्यादा राउंड फायरिंग की*

*एनकाउंटर करने वाली टीम के एक अफसर ने दैनिक भास्कर को बताया- आतंकियों के पास एके 47 थीं। पंजाब पुलिस को पहले से अनुमान था कि आतंकियों के पास बड़े हथियार हैं। इसलिए पीलीभीत पुलिस के एसपी अविनाश पांडे ने लॉन्ग रेंज वेपंस के साथ जवानों को साथ लिया। पुलिस और आतंकियों के बीच करीब आधा घंटे में करीब 100 से ज्यादा राउंड फायर फायरिंग हुई। ज्यादातर फायरिंग आतंकियों ने की।*

### आरोप

### परभणी में सोमनाथ के परिवार से मिले राहुल गांधी, दलित थे इसलिए मारे गए

# बीजेपी ने राहुल गांधी के दौरे पर नाटक करार दिया

- वहीं पीड़ित परिवार से मिलने के बाद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये हिरासत में मौत का मामला है।

**परभणी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को परभणी दौरे पर रहे। माह की शुरूआत में महाराष्ट्र के परभणी शहर में हिंसा के बाद गिरफ्तार होने के बाद न्यायिक हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से उन्होंने मुलाकात की। वहीं पीड़ित परिवार से मिलने के बाद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये हिरासत में मौत का मामला है। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की, क्योंकि वे दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सोमनाथ सूर्यवंशी



को पुलिस ने मार डाला और यह हिरासत में मौत का मामला है। राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि ये मामला एकदम रिजॉल्व किया जाए और जिन लोगों ने ये किया है, उन्हें सजा मिले। मैं संतुष्ट नहीं हूं, मैं साफ बोल रहा हूं इन लोगों को यहां पीटा गया है और हत्या की गई है, मर्डर है ये। बता दें कि परभणी शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को 10 दिसंबर की शाम को क्षतिग्रस्त करने पर हिंसा भड़क उठी थी। परभणी के शंकर नगर निवासी सूर्यवंशी उन 50 से अधिक लोगों में शामिल थे, जिन्हें हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, परभणी जिला केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में रखे गए सूर्यवंशी को सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, जहां 15 दिसंबर को उनकी मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने परभणी हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सीएम फडणवीस ने कहा था कि सूर्यवंशी ने मजिस्ट्रेट को बताया था कि उन्हें प्रताड़ित नहीं किया गया और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं दिखा। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को नाटक करार दिया है।




# भरत सेवा संस्थान का वार्षिकोत्सव संपन्न

## संस्थापक अमरदास वैष्णव कि स्मृति में 121 लोगों ने किया रक्तदान

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** बिलाड़ा के आदर्श नगर में आयोजित भरत सेवा संस्थान का वार्षिकोत्सव व संस्थापक अमरदास वैष्णव की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 121 लोगों ने रक्तदान कर श्रद्धांजलि दी इस दौरान संतों ने सेवा कार्य करने वाले को आशीर्वाद भी प्रदान किया। भरत सेवा संस्थान के अध्यक्ष महावीरदास वैष्णव ने बताया कि अगस्त 2008 में इस संस्थान की स्थापना स्मृति शेष अमरदास वैष्णव ने की थी। उन्होंने इस संस्थान के माध्यम से असहाय



व अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए भोजन, अल्पाहार व फल की व्यवस्था पिछले डेढ़ दशक से की। संस्थापक अध्यक्ष अमरदास वैष्णव की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर की टीम ने 121 युवाओं व महिलाओं का रक्तदान संग्रहित किया। इस कार्यक्रम में अशोक परिहार, श्याम छिपा, अशोक सोनी, हेमंत कंसारा, प्रमोद राठौड़, युवा सामाजिक कार्यकर्ता नंदकिशोर गर्ग, माधवसिंह, हेमंत राजपुरोहित, पवन वैष्णव, राधेश्याम वैष्णव, सिद्धार्थ वैष्णव, शकील कुरैशी, स्नेहलता वैष्णव, भारती वैष्णव व दिव्या वैष्णव सहित दर्जनों लोगों ने सहयोग किया। समारोह में सेंवतरी धाम के महंत लक्ष्मणदास महाराज, जैतारण के गोपालद्वारा के महंत मगनीराम महाराज व भंवर महाराज नारलाई सहित संतों ने आशीर्वाद प्रदान करते संस्था के वर्तमान अध्यक्ष महावीरदास वैष्णव को साफा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान करते हुए सेवा कार्य निरंतर जारी रखने की सीख दी। संस्था परिसर में बाल हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर रत्नीदेवी धर्मपत्नी स्मृति शेष शिवदास वैष्णव पिचियाक ने 1 लाख 51 हजार की घोषणा की जिसका संस्था के सदस्यों ने आभार जताया। संस्थान के सदस्यों ने संस्थान के वार्षिक उत्सव को लेकर आय-व्यय का जो लेखा-जोखा भी पेश किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कार्यक्रम में नहीं पहुंचने के चलते शुभकामना संदेश भेजा वही स्थानीय विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने प्रतिनिधि के रूप में नंदकिशोर गर्ग को भेजा।

# आंख है तो पांख है .. आंखों बीना जीवन अधुरा – केसाराम चौधरी

♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजय सिंह तोमर)।** मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के रडावास गांव में निशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा से का आयोजन हुआ।। चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री आई माताजी सेवा संघ



बैंगलोर द्वारा सुखालय हॉस्पिटल रडावास में आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन क्षेत्र विधायक केसाराम चौधरी एवं पूर्व कावीना मंत्री एवं गुरु दीवान माधव सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक केसाराम चौधरी ने कहा आंख है तो पांख है। उन्होंने कहा आंख के बिना जीवन अधूरा है। विधायक केसाराम चौधरी ने डॉक्टर नरपत सिंह की भुरी- भुरी प्रशंसा करते हुए कहा कि डाक्टर नरपत सिंह का नाम ही नहीं काम भी बोलता है। विधायक केसाराम चौधरी ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि इस शिविर का ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणजन लाभ उठाएं।

# भाजपा राज में विकास कार्य अब तेजी से होंगे

## भाजपा कार्यकताओं से मिले विधायक गर्ग



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल गर्ग ने कहा कि लोकसभा के बाद राज्य के विधानसभा उपचुनाव के बाद अब भाजपा के राज में तेजी से विकास कार्य होंगे। विकास कार्यों की गंगा बहेगी। अर्जुनलाल गर्ग सोमवार को बोरुंदा कस्बे के गर्ल्स स्कूल के पास एक सामाजिक समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों को बताया कि पहले विधानसभा चुनाव उसके बाद लोकसभा चुनाव और कुछ दिनों बाद ही विधानसभा के उपचुनाव को लेकर विकास कार्यों की गति धीमी थी लेकिन अब भाजपा के केंद्र और राज्य दोनों में डबल इंजन की सरकार सभी विकास कार्य बहुत तेजी से करेंगे। सभी वर्गों का समान रूप से सभी को साथ में लेकर विकास कार्य किए जाएंगे। इससे पूर्व विधायक महादेव नगर में भाजपा के अणदाराम बडियार के निधन पर आयोजित लोकसभा में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कस्बे के पीपली चौराहे पर मोतीराम लक्ष्कार के निधन पर आयोजित शोक सभा में भाग लेते हुए उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पीपाड़ देहात के पूर्व मंडल अध्यक्ष बक्साराम कच्छावा, पीपाड़ देहात मंडल महामंत्री रामदेव भंवरिया, डूंगरराम बढ़ियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश भंवरिया, चेनाराम बडियार, रामसिंह मेहरु, शैतानसिंह थिरोदा, दिलीप भंवरिया, नंदकिशोर टाक, दुगार्राम सुथार, सरपंच प्रतिनिधि यशराज दाधीच व महेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# समारोह पूर्वक मनाया संघ का 79 वां स्थापना दिवस





♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर/महेंद्र सिंह।** गुड़ा चतुरा स्थित श्री नागणेची माता मंदिर प्रांगण में श्री क्षत्रिय युवक संघ के 79वें स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत सज्जन सिंह जी देवली हुल्ला, लक्ष्मण सिंह जी रायरा सहित वरिष्ठजनो के द्वारा दीप प्रज्वलन व शाखा की बालिकाओं द्वारा प्रार्थना के साथ हुई। संघ के स्वयंसेवक महिपाल सिंह गुड़ा श्यामा ने कार्यक्रम की भूमिका बताइ। संघ के पाली प्रान्त प्रमुख मोहब्बत सिंह धींगाना ने संघ का नववर्ष संदेश पठन किया, संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष्मण सिंह रायरा, भगवत सिंह बगड़ी, गजेन्द्र सिंह झुपेलाव, खीम सिंह ढूंडा, नाहर सिंह जी सिसरवादा, भंवर सिंह बड़ागुड़ा, रघुनाथ सिंह गुडाराम सिंह, शंकर सिंह ढूंढा आदि ने भी अपने-अपने उद्बोधन दिए। महिपाल सिंह बासनी ने संघ की कार्यप्रणाली का परिचय कराया, दिग्विजय सिंह कोलीवाडा ने संघ के आनुषांगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के बारे में जानकारी दी तथा संघ के वरिष्ठ स्वयं सेवक व गोड़वाड़ मण्डल प्रमुख हीर सिंह लोड़ता ने मुख्य वक्ता के रुप में कहा की इस संघ के मर्म को समझें व भविष्य में संघ को अपनाना पड़ेगा। संघ की शिक्षा को अपने अन्दर उतारने के लिए अभ्यास करना पड़ेगा। तनसिंह जी ने कोई नया मार्ग नहीं बताया उन्होंने राम और श्री कृष्ण का ही मार्ग बताया उसको हमारे व्यवहार में कैसे लायें। भावों का सागर जो राम कृष्ण में था वो आज सुख गया उसको कैसे पुनः भरें व कौन जाग्रत करें उसके अभ्यास का मार्ग है श्री क्षत्रिय युवक संघ। उन्होंने बताया कि उस भावनात्मक संबंध को कैसे मेरा समाज समझे इस बात को तनसिंह ने श्री क्षत्रिय युवक संघ के माध्यम से हमको दी । हमें जिस गुणों के कारण देश समाज राष्ट्र के सब काम होते थे, उन गुणों को धारण कर और व्यष्टि समेष्टि से परमेष्ठि का मार्ग ही श्री क्षत्रिय युवक संघ है। इस कार्यक्रम का आयोजन की मुख्य भूमिका शिव शक्ति शाखा, बड़ागुडा की स्वयं सेविकाओं की रही जिसमें लगभग 700+की संख्या में समाज के नारी शक्ति व पुरुष वर्ग मौजूद रहे।

# माली समाज प्रतिभा सम्मान एवं मातृशक्ति सम्मेलन 5 जनवरी को

♦भारत टाइम्स♦

भीनमाल (सतीश सुंदेशा )। संत श्री लिखमीदासजी सेवा संस्थान भीरू ग्रुप भीनमाल के तत्वावधान में आयोजित 20 वा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन आगामी 5 जनवरी को क्षेमंकरी माताजी तलहटी माली समाज भवन में आयोजित होगा । प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी इन दिनों जोर-शोर से चल रही है कार्यक्रम को लेकर इस बार विशेषकर महिला एवं बालिकाओं में भारी उत्साह नजर आ रहा है इस बार मातृशक्ति सम्मेलन में माली समाज की हजारों संख्या में महिला एवं बालिकाएं सम्मान समारोह में भाग लेगी भारत माता सेवा संस्कार ट्रस्ट के संस्थापक ऋषि ज्ञानआत्मानंद महाराज के सानिध्य में समारोह आयोजित किया जाएगा। भीरू ग्रुप के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि इस बार 600 प्रतिभाओं को सिल्वर मेडल ,स्कूल बैग एक्जाम पेड़ ,व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। 90% से ऊपर व जरूरतमंद बालक बालिकाओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी इस बार सांचौर व जालौर जिले की समस्त महिला अधिकारी व कर्मचारी को भी सम्मानित दिव्या किया जाएगा।

# दिल्ली चुनाव को लेकर बैठक



♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा ) पुष्कर/ पुष्कर/ अजमेर।** एआईसीसी की दिल्ली मुख्यालय पर कॉंग्रेस पार्टी के संघठन महासचिव श्री वेणुगोपाल जी के निर्देश पर दिल्ली चुनाव को लेकर बैठक हुई। प्रवक्ता ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद वैष्णव ने बताया कि इस बैठक में अजमेर से पीसीसी उपाध्यक्ष व पूर्वमंत्री श्री मति नसीम अख़्तर इंसाफ व व दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने भाग लिया। इस दौरान वार रूम में पार्टी पदाधिकारियों सहित पूर्व मन्त्री व विधायकगण आदि मौजूद थे।

# रानी शहर को आगामी बजट सत्र से बंधी उम्मीद ...

## छात्र महाविद्यालय एवं यातायात उप पंजीयन कार्यालय मिलने की उम्मीद




♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन ( अजय सिंह तोमर)।** मालवीय जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के रानी शहर मूलभूत सुविधाओं को रहा तरस।आगामी राजस्थान विधान सभा बजट सत्र से बंधी हुई है उम्मीद। रानी शहर में शिक्षा की बात की जाए तो छात्र महाविद्यालय होने से छात्रों को भारी समस्याएं हो रही है।रानी शहर की मांग है कि छात्र विद्यालय के साथ साथ तीन विषयों के साथ हो। साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में रानी शहर में चिकित्सालय में चिकित्सकों की भारी कमी है। साथ ही आधुनिक हेल्थ मशीनरी सुविधा उपलब्ध होनी की जरूरत है। इसी प्रकार रानी शहर में रोडवेज बस ,छात्र कॉलेज, अस्पताल, सड़क ,सौंदर्य करण ,महापुरुषों की प्रतिमा ,गर्ल कॉलेज की स्थाई बिल्डिंग ,लेक्चरर के साथ-सा 150 फीट राष्ट्रीय ध्वज ,यातायात उप पंजीयन कार्यालय की रानी शहर को दरकार है। रानी शहर को क्षेत्र विधायक केसाराम चौधरी से इस समस्याओं का समाधान को लेकर आज बंधी हुई है कि आगामी बजट सत्र के दौरान रानी शहर को यह सभी सौगातें मिलेगी।

## आवश्यकता

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp


9509745147

9799911545

# भीनमाल भव्य कवि सम्मेलन आज

♦भारत टाइम्स♦

**भीनमाल (सतीश सुंदेशा )।** शहर के तलबी रोड स्थित अबुर्दा नगर में भीनमाल पैरामाउंट शैक्षणिक संस्थान का शुभारम्भ आज साधु-संतों, कवियों एवं अतिथियों के सानिध्य में आयोजित होगा। जिसमें महामंडलेश्वर रविशरणानंदगिरी महाराज पालनपुर एवं मठाधीश लहर भारती महाराज बड़गांव का पावन सानिध्य रहेगा । संस्थान के सदस्य सीएल गहलोत बताया कि समारोह में वीर रस के कवि आकाश नौरंगी बुलंदशहर, श्रृंगार रस की कवयित्री मीनू शर्मा कोटा, हास्य रस के कवि सत्यदेव सत्य जोधपुर, परमानंद भट्ट गजल, काव्य पाठ दिनेश्वर माली मुंबई एवं मंच संचालन श्रवणदान शुन्य जोधपुर द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, विधायक डॉ समरजीतसिंह, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, पूर्व विधायक पूराराम चौधरी होगे। समारोह के दौरान अतिथियों एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा तथा संस्थान द्वारा इस सत्र में संचालित होने वाली शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को अवगत कराया जाएगा । इस अवसर पर शहर के प्रबुद्धजन नागरिकों सहित सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहेंगे।



# अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**अलवर /राजेश गुप्ता।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर( दक्षिण) द्वारा 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम जिलें के सभी मंडल मंडलो मे मंडल स्तर पर आयोजित किया जाएगा इस दिवस पर अलवर शहर स्थित जिला चिकित्सालय मैं फल वितरण कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, तथा राज्य वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# सूइयां मेला विशेष 8 दिन शेष

## मेले में लोगों ने धार्मिक पुण्य के रूप में खुलकर की भोजन ,पानी की व्यवस्था

**चोहटन / डूंगर राठी।** चौहटन में 29 तथा 30 दिसंबर को मरू कुंभ पोषण मेला लगने के उपलक्ष में यहां के वाशिंदों ने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था करने में किसी भी प्रकार की कोर कसर बाकी नहीं रखी है। यहां के भामाशाह इस मेले में बढ़ चढ़कर अपने गाढी कमाई का कुछ धन इस मेले में दान पुण्य के रूप में पुण्यार्थ के रूप में लगाया है। श्री डूंगरा परमेश्वरा धर्मार्थ संस्थान के सह सचिव सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि विरात्रा माता धर्मात ट्रस्ट में भोजन प्रसादी में सभी संतो के भोजन व्यवस्था का जिम्मा लिया है। इस प्रकार ढोक सरपंच प्रतिनिधि ओम सिंह राजपुरोहित ने भी एक समय की भोजन प्रसादी, श्रीमती शांति देवी धर्मपत्नी देवी चंद बडेरा ने दस हजार भोजन पैकेट, इस प्रकार कोनरा के लूणकरण बोहरा ने भोजन पैकेट मेला मैदान में, मनोहर खत्री भोजन प्रसादी में योगदान, दिपाणी गोदारा परिवार भाडखा ने भोजन मढ परिसर में, इस प्रकार मनोहर लाल सोनी ने भोजन प्रसादी, गुड़ा बालोतरा के माणकमल सोनी ने सोमवार को चाय की व्यवस्था मेला मैदान में, जामन दास सोनी जोधपुर वालों ने मठ परिसर में चाय मठ मे योगदान, इस प्रकार लूणकरण खत्री ने एक दिन मेला मैदान में निशुल्क चाय की व्यवस्था, मेले में समस्त पोस्टर एवं बैनर की निशुल्क व्यवस्था लालाराम सियाग गणेश ट्रैवल्स द्वारा की गई है, बसंत सिंह राजपुरोहित ढोक ने मठ परिसर में भोजन प्रसादी, इस प्रकार रमेश सिंह राजपुरोहित ढोक, गोपाराम प्रजापति पंथेड़ी, विशाला के जेताराम मेघवाल, केरनाडा के सरपंच जेताराम जाणी, रामजीवन खीचड़ आगौर , पाथेड़ी जिला जालौर के ललित कुमार प्रजापत ने भी मठ परिसर में भोजन के लिए निशुल्क व्यवस्था की है। इस प्रकार सत्य साईं सेवा समिति बाड़मेर में एक दिन चाय व्यवस्था निशुल्क की व्यवस्था रखी है। इस प्रकार बैंक ऑफ बड़ौदा ने निशुल्क पानी की बोतल बाखासर बस स्टेशन पर व्यवस्था की है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, सेना की जिप्सी टकराई, तीन जवान समेत चार घायल

**जोधपुर अरुण माथुर ।** जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर बालेसर में सोमवार दोपहर पत्थरों से भरी ट्रॉली का हुक टूटने से ट्रैक्टर और ट्रॉली दोनों सडक पर पलट गए। इससे उछलकर सडक पर गिरा ड्राइवर ट्रैक्टर के नीचे दबने से बच गया। वहीं पीछे आ रही सेना की जिप्सी भी ट्रैक्टर- ट्रॉली से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर और जिप्सी में सवार सेना के तीन जवान घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।बालेसर थानाधिकारी नरपतदान ने बताया कि पत्थरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली बालेसर से आगोलाई की ओर जा रही थी। बालेसर में 38 मील की सीमा में ट्रॉली का हुक टूटने से ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों सडक पर ही पलट - गए। इस सडक पर पत्थर बिखर गए। इस दौरान पीछे आ रही सेना की जिप्सी भी हादसे की चपेट में आ गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद सेना की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें सवार तीन जवान घायल हो गए। वहीं ट्रैक्टर ड्राइवर ढाढणिया गांव निवासी प्रहलाद पुत्र थाना राम हादसे के दौरान उछलकर सडक पर गिर गया, जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे दबने से बच गया। राहगीरों की मदद से घायल तीनों जवान और ट्रैक्टर ड्राइवर को बालेसर सीएससी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बालेसर पुलिस मौके पर पहुंची और सडक पर पलटे दोनों वाहनों और पत्थरों को सडक से हटाया गया।

# बांट गांव के युवक की गोली मारकर हत्या

## मुंबई में हुई वारदात प्रवासियों में आक्रोश

- लोकसभा सांसद ने महाराष्ट्र सरकार से वार्ता कर हत्यारों गिरफ्तारी की रखी मांग



♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** सिरोही जिले के बांट गांव में रहने वाले एक युवक की शनिवार को मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी। मुंबई में ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले दिनेश कुमार पुत्र मानाराम चौधरी हर रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर-के अपने घर जाने की तैयारी कर रहा था और दुकान के बाहर मोटरसाइकिल पर खड़ा था इतने में दो मोटरसाइकिल सवार आए बदमाशों ने दिनेश पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और दिनेश से बैंग छीन कर फरार हो गए। दिनेश को अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित किया गया। हत्या की खबर फैलते ही प्रवासियों में आक्रोश जताया साथ ही पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की ।एंबुलेंस से रविवार सुबह पहुंचा शव गांव तो हर किसी की आंख नम नजर आई किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले दिनेश पांच दिन पहले ही मुंबई गया था जैसे ही मौत की खबर मिली परिजनों का रो रोकर बुरा हाल । लोकसभा सांसद लुम्बाराम चौधरी ने इस घटना का दुःख जताया साथ ही महाराष्ट्र सरकार के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग रखी है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिले। साथ ही महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर परिवार को न्याय और भविष्य में प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की जाएगी । कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी वैभव गहलोत ने ट्विटर पर इस हादसे का दुःख जताया और महाराष्ट्र सरकार से भी न्याय की मांग की।

# अंतर्महाविद्यालयीय हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦



**अलवर/ राजेश गुप्ता।** भारत विकास परिषद अलवर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति में अंतर्महाविद्यालयीय हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 23 दिसंबर 2024, सोमवार को अपने भवन भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद महिला स्वावलंबन केंद्र, अलवर, हुआ। प्रतियोगिता का विषय, ₹इस सदन की राय में "एक देश एक चुनाव की व्यवस्था राष्ट्र हित में है था। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार राधिका शर्मा, चिल्ड्रन एकेडमी इंटीग्रेटेड कॉलेज अलवर, द्वितीय पुरस्कार पीयूष मीणा, चिल्ड्रन एकेडमी बी एड कॉलेज अलवर तथा तृतीय पुरस्कार जूही शर्मा आर्य महिला बी एड कॉलेज अलवर को दिया गया। दो सांत्वना पुरस्कार चिल्ड्रन एके-डमी बी एड कॉलेज की मीनू तथा आर्य महिला बी एड कॉलेज की खुशी गुर्जर को दिए गए। प्रतियोगिता की चल वैजयंती ट्रॉफी की विजेता टीम चिल्ड्रन एकेडमी बी एड कॉलेज रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां और विवेकानंद जी की फोटो पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन व श्रीमती ज्योति सिन्हा द्वारा गाए राष्ट्र गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लॉर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्च हेड एवं डीन डॉ. स्नेह साईवाल ने अपने वक्तव्यमें परिषद की इस गतिविधि की सराहना करते हुए वाद-विवाद की प्रतियोगिता के माध्यम से युवा वर्ग को राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक बनाए जाने के इस प्रयास की सराहना की। नर्णायक मंडल में श्री प्रदीप माथुर जी, श्री दिनेश शर्मा जी तथा डॉ. रूपा सिंह रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में शाखा अध्यक्ष सुरेश गोयल ने सबका स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि एवं निर्णायकों का परिचय दिया। रीजन संरक्षक डॉ के.के.गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में प्रतिभागियों को शुभकामनायें दीं। प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख सुरेश मेठी ने परिषद का विस्तृत एवं कार्यक्रम संयोजक रमन सोनी ने प्रतियोगिता के नियम निदेर्शों का परिचय दिया। परिणाम की घोषणा शाखा की वरिष्ठ सदस्य डॉ.कुमकुम कपूर ने करते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव राधेश्याम द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता ,महिला प्रमुख सुनिता बंसल व शाखा के अनेक सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दीक्षा अग्रवाल व संध्या अग्रवाल ने किया।

# रेलवे स्काउट की पांच दिवसीय छठी जिला रैली आज से

## रेलवे अपर महाप्रबंधक करेंगे उद्घाटन

- रेलवे स्टेडियम पर जुटेंगे सैंकड़ों स्काउट एवं गाइड्स

♦भारत टाइम्स♦




**जोधपुर।** भारतीय स्काउटिंग की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की पांच दिवसीय छठी जिला स्काउट रैली मंगलवार से यहां रेलवे स्टेडियम पर आयोजित की जाएगी। रेलवे अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी इसका उद्घाटन करेंगे। भारत स्काउट गाइड के जोधपुर मुख्य जिला आयुक्त अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि भारतीय स्काउटिंग के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय जिला रैली का उद्घाटन उत्तर पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी मंगलवार दोपहर 4 बजे रेलवे स्टेडियम पर करेंगे जिसमें स्काउट के जिलाध्यक्ष डीआरएम पंकज कुमार सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि रैली के उद्घाटन के अवसर पर स्काउट प्रार्थना,झंडारोहण,झंडा गीत,मार्च पास्ट,बैंड डिस्प्ले व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। स्काउट के जिला आयुक्त मंडल कार्मिक अधिकारी/इंचार्ज अभिषेक गांधी के अनुसार रैली के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं प्रदर्शन,इंटरेक्टिव प्रदर्शन व प्रदर्शनी , अन्य बहु उपयोगी प्रशिक्षण व रोमांचक ट्रेकिंग की जाएगी। रैली के दौरान 'मुझे भारतीय होने पर गर्व है' विषयक पीजेंट शो,पायनियरिंग कैंप क्राफ्ट प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। भारत स्काउट एवं गाइड के सहायक जिला आयुक्त रोहित दत्त पणिया ने बताया कि रैली के आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। दिए जाएंगे बहु उपयोगी प्रशिक्षण स्काउट की जिला रैली में एसडीआरएफ की ओर से आयोजित विशेष सत्र में सीपीआर,पानी संबंधी हादसों,आग बुझाने के तरीकों व प्राथमिक चिकित्सा से जुड़े बहु उपयोगी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इसके अलावा ध्यान एवं योग का विशेष सत्र,मिलेट आधारित व्याख्यान,ऐतिहासिक चित्रों की प्रदर्शनी तथा मंडोर के आसपास एडवेंचर स्थलों का पैदल भ्रमण व दिशा ज्ञान इत्यादि रैली के आकर्षण होंगे।

# विधिक सेवा समिति अध्यक्ष ने किया रेन बसेरा का निरीक्षण

- पीने योग्य पानी की नियमित उपलब्धता पाई गई पुरूषों व महिलाओं के लिए पृथक-पृथक व समुचित ठहरने की व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधा उपलब्ध थी नियमित विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पाई गई।



♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं संतोष अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद के निदेर्शानुसार भीषण सर्दी में बेसहारा व्यक्तियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगरपालिका देवगढ द्वारा पालिका परिसर में संचालित रेन बसेरे का पूनम मीणा अध्यक्ष, ताल्लुका विधिक सेवा समिति, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवगढ द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पर्याप्त मात्रा में बिस्तर पाएं गए। पीने योग्य पानी की नियमित उपलब्धता पाई गई पुरूषों व महिलाओं के लिए पृथक-पृथक व समुचित ठहरने की व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधा उपलब्ध थी नियमित विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पाई गई। प्राथमिक चिकित्सा किट व अग्निरक्षण प्रणाली, टीवी, हिटर मौसमानुकूल अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के दौरान रेन बसेरा में आकस्मिक स्थिति में सहायता हेतु संबंधित अधिकारी/कार्मिक के नाम व संपर्क नंबर व प्रचार प्रसार हेतु बोर्ड लगा हुआ नहीं पाया शिकायत पेटिका नहीं होना पाया बिस्तरों पर कवर नहीं होना पाया जिनके लिए अधिशासी अधिकारी देवगढ को अविलंब सुधार कर पालना रिपोर्ट न्यायाधीश को प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया।

# गांव वीरमपुरा में आईमाता धर्मरथ का किया बधावा




♦भारत टाइम्स♦

**पाली।** तहसील देसूरी ग्राम पंचायत ढालोप श्री आई माताजी का मंदिर (बडेर) गांव वीरमपुरा माताजी श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल धर्म प्रचार भ्रमण पर पधारे गांव वीरमपुरा के कोटवाल जमादारी समस्त पंचो री सहमती से गाजा बाजा तिलक करके भव्य स्वागत किया महिलाओं ने श्री आई माताजी के मंगल गीत गाते हुए श्री आई माताजी के भक्त ज्यादा संख्या मे पधारे कर दर्शन लाभ लिए गांव वीरामपुरा मे श्री आई माताजी के भक्तो को बहुत खुशी हुई कि गांव के सभी सीरवी समाज भाग्यशाली है श्री आई माताजी हमारे को दर्शन देने पधारे आज से 550 वर्ष पहले श्री आई माताजी रथ मे बैठ कर गांव गांव पधारकर धर्म प्रचार करते उसी परमपरा के अनुसार आज भी बाबा मंडली श्री आई माताजी का धर्म रथ भैल के साथ गांव गांव पहुच कर धर्म प्रचार करते है आज विक्रम संवत २०८१ मिती पोष सुदी शुक्ल पक्ष अष्टमी सोमवार दिनांक 23 दिसंबर सन् 2024 को भव्य बधावा किया। इस अवसर पर आईमाता धर्म रथ के साथ आए जती बाबा मंडली के पुना बाबा, जेठाराम सोलंकी, रतनलाल राठौड, खेता महाराज, राजेंद्र पंवार का कोटवाल दलाराम काग, जमादारी अचलाराम भायल, आई माता मंदिर के पुजारी पुनाराम भायल ने स्वागत किया।

# विशेष शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव की निकाली रैली, जल प्रबंधन, पोषण एंव विकास पर प्रतियोगिता की आयोजित

♦भारत टाइम्स♦




**अलवर/ राजेश गुप्ता।** श्री लालदास मंदिर, धौलीदुब में आयोजित हो रहे बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वंयसेवको को ध्यान का अभ्यास कराया गया, राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव की रैली निकाली गई और जल प्रबंधन, पोषण एंव विकास पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। विशेष शिविर के तृतीय दिवस श्री लालदास मंदिर में प्रातः 9 बजे से स्वंयसेवको ने डॉ अनिल यादव एंव डॉ सुभाष पालीवाल के निर्देशन में परेड का अभ्यास किया तथा मंदिर परिसर में साफ सफाई का कार्य किया। द्वितीय सत्र में स्वंयसेवको को हेम नारायण सैन और ओम प्रकाश सैन ने ध्यान और योग का अभ्यास करवाया। तृतीय सत्र में डॉ महेश गोठवाल के निर्देशन में जल प्रबंधन, पोषण एंव विकास पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश गोठवाल, डॉ अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता और सद्भावना का संदेश देने के लिए मानव मानव एक समान और कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी जैसे नारो के साथ ग्राम धौली दुब में सद्भावना रैली निकाली। शिविर के आयोजन में बेगम बाई, मुस्कान, संगीता, प्रियंका, प्रीति, मोनिका, नम्रता, प्रियांशी, अंजली सैनी, अमरजीत, मोहित, प्रिंस, संगीता सैन, अंशु, चांदनी, काजल, दीपक, अजय, पवन सिंह, अंकित मधुकर, अंजली शर्मा, लक्की, करण, कुलदीप, अमनदीप, धीरज, लेखराज, दीपक आदि का विशेष सहयोग रहा। सभी स्वंयसेवको ने शिविर में सामुहिक भोज का आनन्द भी लिया

# सुशासन सप्ताह के तहत चौहटन पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर का आयोजन दर्जनों लोगों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की

- इस प्रकार जनसुनवाई संबंधित ऑफलाइन 26 परिवाद आए जिसमें से 21 परिवार मौके पर निस्तारण किए गए।

♦भारत टाइम्स♦



**चोहटन / डूंगर राठी।** सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार को चौहटन पंचायत समिति पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी कुसुमलता चोहान, विकास अधिकारी नरसिगदास, तहसीलदार रमेश कुमार, प्रसार अधिकारी अंकितदान, सूचना सहायक अशोक कुमार, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी बांकाराम, मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी अमराराम सहित विभिन्न विभागों के विभाग अधिकारी उपस्थित थे। सुशासन सप्ताह के तहत पंचायत समिति परिश्रम आयोजित इस विशेष शिविर में संपर्क पोर्टल परिवार के तहत 7 परिवाद आए। इस प्रकार लोक सेवाओं के प्रधान की गारंटी अधिनियम के तहत 13 आवेदन आए जिसको मौके पर निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनसुनवाई संबंधित ऑफलाइन 26 परिवाद आए जिसमें से 21 परिवार मौके पर निस्तारण किए गए। हनीफा ने पालनहार योजना का आवेदन का निस्तारण संबंधित इस प्रकार कमली ने भी पालनहार योजना के निस्तारण के संबंध में आवेदन दिया। आकोदा के खेताराम ने पशु बीमा संबंधित, सनाऊ के प्रभु राम ने कृषि विभाग कार्यालय बंद होने संबंधित, गूमाने का तला के रमेश कुमार ने पिताजी की पेंशन संबंधित शिकायत, बुढ राठोडान की तीजा देवी ने जन आधार में नाम हटाने बाबत, किशन लाल धारासर ने तारबंदी योजना का लाभ देने वाले बाबत, भोजपुरा के लूणाराम ने बी नहीं देने के संबंध में तरह-तरह के अमृतलाल सोनी ने स्प्रे मशीन दिलवाने संबंधित, देदूसर की इस्मत ने तारबंदी योजना में लाभ दिलाने बाबत, डूंगरमल चौहटन नगर पालिका में अन्नपूर्णा रसोई खोलने बाबत सहित दर्जनों लोगों ने अपने परिवेदनाए प्रस्तुत की। उपखंड अधिकारी कुसुमलता चोहान ने सभी कार्मिकों को तुरंत परिवेदनाएं निस्तारण के आवश्यक निर्देश दिए।

# उपभोक्ताओं को मिले त्वरित न्याय



> दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए ह्यराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवसह्न मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया। ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।



# ऐसी सरकार होनी चाहिए जो सिखों की बात सुने

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के नेता बलबीर सिंह और सुखबीर दलाल आज बीजेपी में शामिल हो गए। बलबीर सिंह शनिवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के दिल्ली महासचिव आशीष सूद और केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। वहीं दलाल ने अपने पूर्व के नेताओं पर काम ठीक से न करने का आरोप लगाया। सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के छह बार सदस्य रहे आप नेता बलबीर सिंह ने कहा कि वह दिल्ली सरकार द्वारा जानबूझकर पंजाबी भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति न करने से नाराज हैं। सिंह ने कहा कि जहां तक ??चुनाव का सवाल है, जो लोग इतने लंबे समय से मेरे साथ हैं, मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस पार्टी में शामिल होने की बात करते हुए, मैंने देखा कि दिल्ली के एलजी सक्सेना ने अधिक पंजाबी शिक्षकों को नियुक्त करने के आदेश दिए थे, लेकिन जानबूझकर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जा रही है, जिसका असर कई सिख छात्रों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मल्होत्रा ??की हमेशा उपलब्ध रहने और कॉल का जवाब देने के लिए प्रशंसा की।



उन्होंने कहा कि जब भी मैं उन्हें फोन करता था, अगर वह फोन नहीं उठाते थे, तो थोड़ी देर बाद फोन करके पूछते थे कि क्या काम होना है। सुखबीर दलाल ने कहा कि वह एक खेल विश्वविद्यालय बनाना चाहते थे और उन्होंने दावा किया कि इसके लिए अधिनियम पारित होने के बावजूद अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। सुखबीर दलाल ने कहा कि मैं एक खेल विश्वविद्यालय बनाना चाहता था, कानून बड़ी मुश्किल से पास हुआ, लेकिन पांच साल हो गए, और वहां एक सड़क भी नहीं बनी। उन्होंने (केजरीवाल) लोगों से झूठ बोला कि उन्होंने 21 सौ करोड़ का बजट दिया है, मैं उनसे परेशान हो गया। उन्होंने कहा कि अगर यह व्यक्ति इस तरह से झूठ बोल सकता हैङ्क तो मैंने मन बना लिया है कि मैं इस पार्टी में नहीं रह सकता। दलाल ने बताया कि उन्हें आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार बनने के लिए टिकट मिलने की परवाह नहीं है और दावा किया कि वह बस अअढ से तंग आ चुके हैं, खासकर ह्यशीश महलह्न से। उन्होंने कहा कि लोग कहेंगे कि मैंने पार्टी बदली क्योंकि मुझे टिकट नहीं मिला, लेकिन मेरा टिकट पांच साल पहले ही कट गया थाङ्क जब से शीश महल (दिल्ली के सीएम का निवास) बना है, तब से सभी हदें पार हो गई हैं, इससे पहले कि हम वहां जा सकें, लेकिन 2020 के बाद हमारे लिए प्रवेश बंद कर दिया गया है। उन्होंने आगे भाजपा नेता सचदेवा की प्रशंसा की, जिन्होंने विभिन्न दलों से होने के बावजूद दिल्ली में सार्वजनिक सेवा करने में उनकी मदद की। दिल्ली चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की बड़ी घोषणा, दलित छात्रों को दी जाएगी आंबेडकर स्कॉलरशिप दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होने की उम्मीद है, जब विधानसभा का कार्यकाल भी समाप्त होने वाला है। अअढ ने अपने सभी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें प्रमुख नेता अरविंद केजरीवाल, आतिशी के नाम शामिल हैं। भाजपा द्वारा भी जल्द ही अपनी सूची जारी करने की उम्मीद है। ऐसी सरकार होनी चाहिए जो सिखों की बात सुने बीजेपी में शामिल होने के बाद सरदार बलबीर सिंह ने आम आदमी पार्टी की जमकर आलोचना की। उन्होंने लोगों की मांगों को न सुनने के लिए आम आदमी पार्टी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसी सरकार चाहिए जो सिखों की भी बात सुने। भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे वहां भी लोगों की मांगों को पूरा करने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी फिर से राज्य में सरकार नहीं बना पाएगी।

## संपादकीय

# प्रियंका गांधी की चली जाएगी संसद सदस्यता? केरल हाई कोर्ट पहुंचा मामला...

केरल की वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचित कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि बीजेपी नेता नव्या हरिदास ने केरल हाई कोर्ट में कांग्रेस सांसद के खिलाफ याचिका दायर की है। नव्या ने अपनी याचिका में प्रियंका गांधी की वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी है। याचिका में दावा किया गया है कि उपचुनाव के दौरान नामांकन पत्र में प्रियंका गांधी ने खुद की और अपने परिवार की संपत्ति की सही जानकारी का उल्लेख नहीं किया है। आरोप है कि प्रियंका गांधी ने चुनावी पत्र में गलत आंकड़े बताए हैं। इस बारे में नव्य हरिदास का कहना है कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने इसे भ्रष्ट आचरण करार दिया है। केरल हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद अब प्रियंका गांधी की वायनाड से सांसदी सवालों के घेर में आ गई है। भारतीय जनता पार्टी की नेता नव्या हरिदास 13 नवंबर को हुए वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के खिलाफ मैदान में थीं। लेकिन नव्या गांधी से 5,12,399 मतों से हार गई थीं।। वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सत्यन मोकेरी से काफी पीछे तीसरे स्थान पर रही थीं। जस्टिस मदन बी लोकुर कौन हैं? जिन्हें वठ ने कखउ का अध्यक्ष नियुक्त किया बता दें, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली के साथ-साथ वायनाड सीट से जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने रायबरेली सीट अपने पास रखते हुए वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वायनाड में हुए उपचुनाव में प्रियंका गांधी ने जीत दर्ज की थी। इस सीट से उन्होंने भाजपा नेता नव्या हरिदास को



पांच लाख से ज्यादा वोटों के मार्जिन से शिकस्त दी थी। इसके बाद अब नव्या हरिदास ने केरल हाई कोर्ट में प्रियंका गांधी की सदस्यता को चुनौती देने की याचिका दायर की है। उन्होंने बताया कि इस मामले पर सुनवाई जनवरी 2025 में हो सकती है। बीजेपी नेता का कहना है कि हाई कोर्ट में 23 दिसंबर से 5 जनवरी तक अवकाश के चलते मामले की सुनवाई बाधित रहेगी। कुल 4.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति बता दें, प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया था कि उनके पास कुल 4.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है जबकि कुल अचल संपत्ति 13.89 करोड़ रुपये की है। वहीं प्रियंका ने बताया था कि उनके पति रॉबर्ड वाड्रा के पास कुल 37.91 करोड़ रुपये की चल संपति है। इस चुनावी हलफनामे के मुताबिक प्रियंका गांधी पर करीब 15 लाख 75 हजार रुपये का कर्ज है।

## आस्था...

### मौनी अमावस्या के दिन है महाकुंभ का तीसरा शाही स्नान, जानें तिथि...

हिंदू धर्म शास्त्रों में मौनी अमावस्या का विशेष बताया गया है। मौनी अमावस्या के दिन जातक व्रत रखते हैं और पूरे दिन मौन धारण करते हैं। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से पितृ दोष से छुटकारा मिलता है। साथ ही मौनी अमावस्या के दिन पितरों के श्राद्ध और दान-पुण्य का भी विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन स्नान और दान करने से जातक के कई जन्मों के पाप मिट जाते हैं। यूं तो हिंदू धर्म में मनाई जाने वाली सभी अमावस्या तिथि खास मानी जाती है, लेकिन माघ महीने में आने वाली अमावस्या बेहद खास है। आपको बता दें कि इस साल मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का तीसरा शाही स्नान भी है। ऐसे में आइए जानते हैं माघ माह में आने वाली मौनी अमावस्या कब है साथ ही जानिए स्नान दान का मुहूर्त और महत्व। कब है मौनी अमावस्या 2025? पंचांग के अनुसार, माघ माह की अमावस्या तिथि की शुरूआत 28 जनवरी को शाम 5 बजकर 35 मिनट पर होगी और इस तिथि का समापन 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 5 मिनट पर होगी। ऐसे में मौनी अमावस्या का व्रत 29 जनवरी 2025 को रखा जाएगा। 2025 में मंगल का रहेगा राज, नए साल में शुरू होगा इन राशियों का गोल्डन टाइम, पद-पैसा-प्रतिष्ठा के साथ नौकरी में तरक्की के प्रबल योग मौनी अमावस्या 2025 स्नान दान का मुहूर्त हिंदू पंचांग के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन कई खास संयोग बन रहे हैं। इस दिन सिद्धि योग बन रहा है, जो रात 9 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। माना जाता है कि इस योग में की गई पूजा और काम सफल होते हैं। वहीं मौनी अमावस्या के दिन स्नान और दान का शुभ मुहूर्त 29 जनवरी को सुबह 5 बजकर 25 मिनट से 6 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही इस दिन संध्याकाल की पूजा का मुहूर्त 5 बजकर 51 मिनट से 7 बजकर 11 मिनट तक रहेगा मौनी अमावस्या का महत्व मौनी अमावस्या पर व्रत और मौन धारण करने से मन, वाणी और आत्मा की शुद्धि होती है। इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से पाप खत्म होते हैं। वहीं, इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से जीवन में सुख-शांति आती है। ऐसा माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन मौन रहने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मौनी अमावस्या स्नान दान महत्व मौनी अमावस्या पर स्नान दान करना बहुत शुभ होता है। इस दिन गाय, काले तिल, नमक, सोना, चांदी, देसी घी आदि का दान करना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। आज किसी विपरीत लिंगी की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक़्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक़्त ज्यादा सावधानी बरतें। आपकी आकर्षक छवि मनचाहा परिणाम देगी। छात्र-छात्राओं को आज अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर लें। ऐसा करना आपके लिए हितकारी है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। आप दूसरों पर कुछ ज्यादा खर्चा कर सकते हैं। परिवार के सदस्य आपके नजरिए का समर्थन करेंगे। आज आपको प्यार का जवाब प्यार और रोमांस से मिलेगा। आज आप सारे रिश्तों और रिश्तेदारों से दूर होकर अपना दिन किसी ऐसी जगह पर बिताना पसंद करेंगे जहां जाकर आपको शांति प्राप्त होती है। यह शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे खास दिनों में से एक है। आपको प्रेम की गहराई का अनुभव करेंगे। बागबानी करना आपके लिए सुकून भरा हो सकता है झ इससे पर्यावरण को भी लाभ पहुँचेगा।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** पेचीदा हालात में फँसने पर घबराएँ नहीं। जैसे खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लजीज बना देता है, उसी तरह ऐसी परिस्थितियाँ आपको खुशियों की सही क ीमत बताती हैं। अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। संबंधियों से मुलाकात उससे कहीं बेहतर रहेगी, जितनी आपको उम्मीद थी। जाहिर तौर पर रोमांस के लिए पर्याप्त मौके हैं- लेकिन ऐसा बहुत कम समय के लिए है। खाली वक्त में आप कोई फिल्म देख सकते हैं यह फिल्म आपको पसंद नहीं आएगी।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः** जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट गायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है। आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता लेकिन इसके साथ ही इसके जाने का आपको दुख भी होगा। अचानक आयी जिम्मेदारी आपकी दिन की योजनाओं में बाधा डाल सकती है। आप पाएंगे कि आप दूसरों के लिए ज्यादा और खुद के लिए कम कर पा रहें। आप के दिल की धड़कनें आपके प्रिय के साथ कुछ ऐसे चलेंगी कि आज जीवन में प्यार का संगीत बज उठेगा।

**सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः** आपके परिवार को आपसे बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आप खीज महसूस कर सकते हैं। आज के दिन धन हानि होने की संभावना है इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में जितना आप सतर्क रहेंगे उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा। प्यार, मेलजोल और आपसी जुड़ाव में इजाफा होगा। शाम को प्रिय के साथ रोमांटिक मुलाकात और साथ में कहीं लजीज खाना खाने के लिहाज से बढ़िया दिन है। लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं आज आपको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बल्कि आज आप खाली समय में किसी से मिलना जुलना भी पसंद नहीं करेंगे और एकांत में आनंदित रहेंगे।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः** आपको आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसके चलते आपको तनाव और बेचैनी का सामना करना पड़ सकता है। जिन लोगों ने किसी अनजान शख्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। नये रोमांस की संभावना प्रबल है, प्रेम का फूल आपकी जिन्दगी में जल्दी ही खिल सकता है। आज आप फुर्सत के क्षणों में कोई नया काम करने का सोचेंगे लेकिन इस काम में आप इतना उलझ सकते हैं कि आपके जरुरी काम भी छूट जाएंगे ।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे। दिन के दूसरे हिस्से में कुछ दिलचस्प और रोमांचक काम करने के लिए बढ़िया वक़्त है। सोशल मीडिआ पर अपने प्रिय के पिछले 2-3 संदेश देखिए, आपको एक खूबसूरत ताज्जुब का एहसास होगा। अपनी खासियत और भविष्य की योजनाओं पर फिर से सोचने का समय। जीवनसाथी के साथ यह एक बढ़िया दिन गुजरने वाला है। यात्रा पर किसी हसीन अजनबी से मुलाकात आपको अच्छे अनुभव करा सकती है।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी खबर आपके पूरे परिवार के लिए खुशी के लम्हे लाएगी। पुरानी यादों को जेहन में जिंदा कर दोस्ती को फिर से तरोताजा करने का वक़्त है। आपके हँसने-हँसाने का अन्दाज आपकी सबसे बड़ी पूंजी साबित होगा। वैवाहिक सुख के द्दष्टिकोण से आज आपको कुछ अनोखा उपहार मिल सकता है।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** आज आपके पास प्रचुर ऊर्जा होगी- लेकिन काम का बोझ आपकी खीज की वजह बन सकता है। चंद्र की स्थिति की वजह से आज आपका धन बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आपको धन संचय करके रखना है तो अपने जीवनसाथी या माता पिता से इस बारे में बात करें। अपने जीवनसाथी के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देना उसकी झुंझलाहट का कारण बन सकता है। गुस्से को फिर से भड़कने से रोकने के लिए उसकी इजाजत लें, तो आसानी से इस परेशानी को हल किया जा सकता है।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** आपके पास अपनी सेहत और रूप-रंग को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। शाम का ज्यादातर समय मेहमानों के साथ गुजरेगा। आज प्रेम-संबंधों में अपने स्वतन्त्र विवेक का इस्तेमाल कीजिए। अपने बच्चों को आज समय का सदुपयोग करने की सलाह दे सकते हैं। दिन वाकई रोमानी है। बढ़िया खाने, महक और खुशी के साथ आप अपने हमदम के साथ बेहतरीन समय बिता सकते हैं। आज घर पर रहेंगे लेकिन घर की उलझनें आपको परेशान कर सकती हैं।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। केवल एक दिन को नजर में रखकर जीने की अपनी आदत पर काबू करें और जरूरत से ज्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें। आपको बच्चों या खुद से कम अनुभवी लोगों के साथ धैर्य से काम लेने की जरूरत है। आज के दिन आप किसी कुदरती खूबसूरती से खुद को सराबोर महसूस करेंगे। आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं। अपने जीवनसाथी के चलते आप महसूस करेंगे कि स्वर्ग धरती पर ही है। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने से तनाव बढ़ना संभव है।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीनः** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है, आपको आज अच्छा बजट प्लान करने की आवश्यकता है इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। बच्चे की तबियत परेशानी का कारण बन सकती है। हालाँकि प्यार में निराशा हाथ लग सकती है लेकिन हिम्मत मत हारिए क्योंकि आखिर में जीत सच्चे प्यार की ही होती है। जब आपको लगता है कि आपके पास घर वालों या अपने दोस्तों के लिए टाइम नहीं है तो आपका मन खराब हो जाता है।



# मैने खुद से शो को नहीं छोड़ा है मुझे रिप्लेस किया गया: अलीशा परवीन

एक्ट्रेस रुपाली गांगुली का टीवी शो अनुपमा ने घर-घर में काफी पॉपुलर है. ये शो टीआरपी के मामले में काफी आगे रहता है. इन दिनों ये शो एक्ट्रेस अलीशा परवीन को लेकर चर्चा में बना हुआ है. दरअसल, उन्हें इस शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. अनुपमा में राही का किरदार निभा रहीं अलीशा परवीन ने हाल ही में इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बताया था कि उन्होंने खुद से शो को नहीं छोड़ा है लेकिन उन्हें रिप्लेस किया गया और उन्हें इसका कारण नहीं पता है. अब लेटेस्ट अपडेट के अनुसार अलीशा परवीन ने बताया है कि उन्हें मेकर्स ने रिप्लेस करने का कारण बता दिया है.अनुपमा की चर्चित एक्ट्रेस अलीशा परवीन लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं और इसका कारण है कि उनका शो से बाहर होना. गॉसिप टीवी के ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट में अलीशा परवीन का रिएक्शन शेयर किया गया है. अलीशा परवीन ने बताया, राजन सर ने सिर्फ इतना कहा कि हम आपको रिप्लेस कर रहे हैं. उन्होंने मुझे सिर्फ कारण बताया है कि आपके परफॉर्मेंस में दिक्कत है. मुझे नहीं पता कि परफॉर्मेंस का कारण क्यों? क्योंकि मेरे डायरेक्टर्स ने हमेशा मेरी बहुत तारीफ की है. यहां तक कि परफॉर्मेंस की भी अगर बात करूं तो जब भी मैं सोशल मीडिया पर भी अपनी परफॉर्मेंस को बारे में पढ़ती हूं तो मुझे बातचीत होती है, सबने हमेशा अछा ही बोला है, मेरी तारीफ ही की है और डायरेक्टर्स से अछा तो कोई हो नहीं सकता है बताने के लिए. लेकिन मुझे तो यही कारण दिया गया परफॉर्मेंस का. गौरतलब है कि अलीशा परवीन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जानकारी देते हुए लिखा था, हेलो एवरीवन मैंने अनुपमा शो को नहीं छोड़ा लेकिन मुझे इसका कारण भी नहीं पता कि ऐसा आखिर क्यों हुआ? सब कुछ अछा था, मैं खुद शॉक थी लेकिन आपके प्यार के लिए बहुत शुक्रिया. मैं इस शो का हिस्सा बनकर शुक्रगुजार हूं. मैंने इस किरदार के लिए बड़ी मेहनत की थी लेकिन मुझे नहीं पता कि अचानक ऐसा क्यों हुआ. उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया. मैं अपने दिल की गहराई से इस शो को मिस करूंगी. ऐसी ही एंटरटेनमेंट की लेटेस्ट खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहिए।



# अल्लू अर्जुन बोले- मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं, मेरा चरित्र हनन ना करें...

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी फिल्म पुष्पा 2 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं. ये फिल्म देश और दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई कर रही है. जिस तरह से फिल्म को लेकर बज था ठीक उसी तरह इसे रिस्पॉन्स मिल रहा है. एक तरह जहां फिल्म पुष्पा 2 काफी अछा प्रदर्शन कर रही है. वहीं, दूसरी तरफ अल्लू अर्जुन हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई भगदड़ के दौरान महिला की मौत के विवाद में फंसे हुए हैं. इस मामले को लेकर एक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था और उन्हें एक रात जेल में भी बितानी पड़ी थी. अब अल्लू अर्जुन ने प्रेस कॉन्फ्रेस की है और इसको लेकर खुलकर बात की है और लोगों से उनका चरित्र हनन ना करने की रिक्वेस्ट की है. आइए जानते हैं कि पुष्पा 2 स्टार ने क्या-क्या कहा है.हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई घटना को लेकर अल्लू अर्जुन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिएक्शन दिया है. एक्टर ने कहा, ये एक दुर्भाग्यपूर्णय घटना है और सच कहूं तो इसमें किसी की गलती नहीं है. मैं सच में सरकार का बहुत आभारी हूं क्योंकि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को बहुत सपोर्ट किया है. गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं. प्लीज मुझे जज ना करें, प्लीज मेरे चरित्र का हनन ना करें. मैं उस तरह का इंसान नहीं हूं. मैंने 21-22 साल की कड़ी मेहतन के बाद ये सम्मान हासिल किया है. मैं कहना चाहता हूं कि मैंने अपने जिंदगी के तीन साल इस फिल्म में लगाए हैं और ये मेरे लिए सबकुछ है. मैं इसे थिएटर में देखने गया था और मैं इस थिएटर में पहले भी 20 से 30 बार गया हूं. मेरे बारे में गलत जानकारियां फैलाई जा रही है कि मैं बिना किसी परमिशन के थिएटर गया और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया. इस बात में बिल्कुल सचाई नहीं है.अल्लू अर्जुन ने आगे कहा, मैंने थिएटर में जाने के लिए अनुमति ली और मैं वहां गया. मेरी आखों के ठीक सामने पुलिसकर्मी थे जो मेरे जाने का रास्ता क्लियर कर रहे थे. उनके निर्देशों के अनुसार ही वहां गया था और अगर उन्होंने मुझे वापस लौटने के लिए कहा होता तो मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं तो मैंने इसका पालन किया होता. मुझे ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई थी और मैं उनके निर्देशों का पालन कर रहा था।



# नयनतारा घमंडी हैं...इसलिए उन्होंने ऐसी की टिप्पणी: गायिका सुचित्रा

सनसनीखेज गायिका सुचित्रा ने कहा है कि अभिनेत्री नयनतारा पैसों को लेकर घमंडी हो गई हैं। वह कुछ समय से शांत थीं, लेकिन अब उन्होंने कई मशहूर हस्तियों की आलोचना और आरोप लगाकर अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने अभिनेत्री नयनतारा पर जमकर निशाना साधा है। अभिनेत्री नयनतारा ने हाल ही में एक यूट्यूब चैनल की मीटिंग में हिस्सा लिया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गायिका सुचित्रा ने कहा कि उन्होंने वह बयान देखा है जो अभिनेत्री नयनतारा ने हाल ही में अभिनेता धनुष की आलोचना करते हुए जारी किया था। इसमें नयनतारा ने धनुष पर लगे सभी आरोपों का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए नयनतारा को बधाई देती हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि कोर्ट में चल रहा मौजूदा विवाद दो अमीर लोगों (अभिनेता धनुष और नयनतारा) के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि आप दोनों के घरों में करोड़ों रुपये का पैसा बह रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों ने अपना धन का घमंड बढ़ाया है। इस बीच, बहुत ही सम्मानपूर्वक बात करने वाली अभिनेत्री नयनतारा ने कहा कि हाल ही में एक यूट्यूब चैनल को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि दर्शकों ने उनकी फिल्मों से ज्यादा उनकी डॉक्यूमेंट्री देखी, जो इस बात का प्रमाण है कि नयनतारा में कितना गर्व बढ़ गया है। उन्होंने पिछले दो सालों से मशहूर हस्तियों का साक्षात्कार लेने के लिए बॉलीवुड की अनुपमा चोपड़ा की आलोचना की और कहा कि उन्होंने मशहूर हस्तियों को आगे बढ़ाना अपना काम बना लिया है।उन्होंने अभिनेत्री नयनतारा की भी तारीफ की।

# रातों-रात इन सुपरहिट फिल्मों से दीपिका पादुकोण हुई थीं बाहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने एक से बढ़कर एक फिल्में की हैं. उन्होंने अपने करियर में ऐसी कई सुपरहिट फिल्में की जिनमें उनकी परफॉर्मेंस को भी खूब सराहना मिली. दीपिका की पिछली रिलीज दो फिल्में 'पठान' और 'कल्कि 2898 एडी' थी और ये दोनों सुपरहिट साबित हुईं. दीपिका इंडस्ट्री की हाईपेड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में आती हैं लेकिन कई बार उनके साथ भी ऐसा हुआ जब उन्हें अच्छी फिल्मों से रातों-रात बाहर निकाल दिया गया. जी हां, दीपिका ने भले ही इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं लेकिन उनके हाथ से कई बड़े प्रोजेक्ट्स निकले जो बाद में कामयाब हुए. दीपिका पादुकोण के हाथ से वो कौन सी 5 सुपरहिट फिल्में निकली थीं, आइए बताते हैं.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण को 'सांवरिया' के लिए कास्ट किया जाना था और संजय लीला भंसाली उनसे बात भी कर चुके थे लेकिन दीपिका पहले से ही फराह खान की फिल्म साइन कर चुकी थीं इसलिए ये फिल्म हाथ से गई थी. इसके अलावा भी कई फिल्में हाथ से गईं लेकिन यहां उन फिल्मों का जिक्र कर रहे जो सुपरहिट साबित हुई थीं

## 'रॉकस्टार' (2011)

इम्तियाज अली की सुपरहिट फिल्म रॉकस्टार में रणबीर कपूर लीड रोल में थे. इस फिल्म में दीपिका काम करना चाहती थीं इसका जिक्र उन्होंने एक बार किया भी था लेकिन मेकर्स ने नरगिस फाखरी को कास्ट किया.





## 'जब तक है जान' (2012)

यश चोपड़ा की आखिरी फिल्म जब तक है जान में कैटरीना का रोल दीपिका को ऑफर हुआ था. लेकिन डेट्स ना होने के कारण कैटरीना को फिल्म मिल गई और इस फिल्म के हाथ से जाने का अफसोस दीपिका ने किया था. उनका कहना था कि वो यश चोपड़ा की फिल्म करना चाहती थीं लेकिन ऐसा हो ना सका.

## 'प्रेम रतन धन पायो' (2015)

सूरज बड़जात्या की इस फिल्म में सलमान खान लीड रोल में थे. फिल्म में सोनम कपूर से पहले दीपिका को पसंद किया गया था लेकिन डेट्स ना मिलने के कारण ये सोनम को ऑफर हो गई और उन्होंने हां कह दी थी.

## 'सुल्तान' (2016)

अली अब्बास जफर की सुपरहिट फिल्म सुल्तान में सलमान खान लीड रोल में थे. इसमें अनुष्का शर्मा की जगह दीपिका को लिया जाना था लेकिन दीपिका से पहले अनुष्का से पूछा गया और उन्होंने इसके लिए हां कह दी थी.

## 'गंगूबाई काठियावाड़ी' (2022)

संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म में आलिया भट्ट की परफॉर्मेंस को खूब सराहना मिली. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फिल्म भंसाली ने पहले दीपिका को ऑफर की थी लेकिन बाद में आलिया को कास्ट किया गया।



# सीक्वीन शॉर्ट्स में जाह्नवी कपूर ने लगाया ग्लैमर का तड़का, सुहाना-अनन्या भी दिखीं स्टाइलिश

एनएसएसीसी आर्ट्स कैफे की प्रीव्यू नाइट में बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की. जाह्नवी कपूर से लेकर सुहाना खान तक इवेंट में शामिल हुईं और इन स्टार किड्स का लुक चर्चा में रहा.एनएमएसीसी आर्ट्स कैफे प्रीव्यू नाइट में स्टार किड्स का जलवा रहा. जाह्नवी कपूर से लेकर अनन्या पांडे तक ने अपने लुक से महफिल में चार चांद लगा दिए.जाह्नवी कपूर अंबानी के इंवेट में शामिल हुईं. रेड कलर के ऑफ शोल्डर सीक्वीन शॉर्ट्स में एक्ट्रेस काफी स्टनिंग दिख रही थीं. मैचिंग हील्स और खुले बालों के साथ जाह्नवी कपूर काफी स्टाइलिश दिख रही थीं.सुहाना खान भी एनएमएसीसी के इवेंट में पहुंचीं. व्हाइट टॉप के साथ ब्लैक प्रिंटेज ब्लेजर और शॉर्ट्स पहने एक्ट्रेस काफी सिंपल और प्यारी दिख रही थीं.डीपनेक शॉर्ट्स में अनन्या पांडे भी काफी गॉर्जियस दिख रही थीं. अपने लुक को एक्ट्रेस ने मैचिंग हील्स और स्मोकी आई मेकअप के साथ पूरा किया था.इस दौरान अनन्या अपनी मां भावना के साथ नजर आईं. भावना ब्लैक कलर की ड्रेस में खूबसूरत दिख रही थीं.संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर भी इवेंट में दिखाई दीं. व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में वे काफी स्टनिंग दिख रही थीं.इस दौरान उनके साथ मां महीप कपूर भी मौजूद रहीं. ब्लैक ड्रेस में महीप भी काफी हसीन लग रही थीं.खुशी कपूर इवेंट में ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस में दिखाई दीं. इस दौरान उन्हें हाथ में ब्लैक कलर का हैंड बैग कैरी करते भी देखा गया.अर्जुन कपूर को इवेंट में ब्लैक ब्लेजर-पैंट में देखा गया. ब्राउन चश्मा और ग्रे स्नीकर्स पहने एक्टर काफी डैशिंग दिख रहे थे।





# भाई-बहन की जोड़ी का कमाल, कश्मीर से बीज लाकर मारवाड़ में उगा दी केसर

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर।** स्टार्टअप के क्षेत्र में लगातार जोधपुर नवाचार करता आ रहा है। ऐसा ही एक इनोवेशन किया है जोधपुर के भाई-बहन की जोड़ी ने। इन्होंने ईरान की तकनीक सीखी और ऑनलाइन क्लास ली। इसके बाद कश्मीर से केसर के बीज लेकर आए और एक साल की मेहनत से धोरों वाले वातावरण में केसर उगा दी। अब इनका यह स्टार्टअप काफी चर्चा में है और इनसे प्रेरित होकर प्रदेश में अन्य लोग भी ऐसा ही काम करने की सोच रहे हैं।जोधपुर। स्टार्टअप के क्षेत्र में लगातार जोधपुर नवाचार करता आ रहा है। ऐसा ही एक इनोवेशन किया है जोधपुर के भाई-बहन की जोड़ी ने। इन्होंने ईरान की तकनीक सीखी और ऑनलाइन क्लास ली। इसके बाद कश्मीर से केसर के बीज लेकर आए और एक साल की मेहनत से धोरों वाले वातावरण में केसर उगा दी। अब इनका यह स्टार्टअप काफी चर्चा में है और इनसे प्रेरित होकर प्रदेश में अन्य लोग भी ऐसा ही काम करने की सोच रहे हैं।जोधपुर के



अक्षत शर्मा व मौलश्री शर्मा दोनों का फैमिली बिजनेस बैकग्राउंड था। लेकिन करीब डेढ़ साल पहले इन्होंने एग्रीकल्चर सेक्टर में कुछ नया करने की सोची। कई प्रकार के रिसर्च के साथ केसर की इनहाउस खेती के बारे में जानकारी ली। पहले छोटे स्तर पर बीज तैयार किए। जब परिणाम अच्छा आया तो एक साल पहले और बीज कश्मीर से लाकर यहां लगाए गए। इस इनहाउस एग्रो रूम का तापमान 5 से 25 डिग्री के बीच रखा जाता है और नमी के लिए भी मशीन लगाई गई है। इस बार इन्होंने एक किलो से भी ज्यादा केसर की फसल ली है और अब आगे बीज वृद्धि भी अपनेआप शुरू हो चुकी है।

**यह अनूठा व ऑर्गेनिक-**

केसर पर सफल प्रयोग करने और अच्छी उपज लेने के बाद अक्षत व मौलश्री इसे बाजार में ऑर्गेनिक उपज के रूप में लेकर जाने वाले हैं। मारवाड़ इस प्रकार का सफल प्रयोग करने के लिए इन्होंने कम जगह में वर्टिकल फार्मिंग का उपयोग किया है। इसे जल्द ही यह बढ़ाकर बड़ी फार्मिंग भी करने की योजना बना रहे हैं।

**क्या है एयरोपॉनिक तकनीक-**

अक्षत बताते हैं कि एयरोपॉनिक तकनीक मुख्य रूप से ईरान से सीखी है। इसमें बिना मिट्टी व बिना पानी के फसल ली जाती है। मारवाड़ जैसे क्षेत्र जहां पानी की कमी है, वहां कम क्षेत्रफल में इस प्रकार का सेटअप लगाया गया है। जिसमें 300 स्क्वायर फीट में ही एक साल में यह फसल ली गई है। इस चेम्बर में ऊं की ध्वनि भी लगातार चलती है।

# एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस का हुआ उद्घाटन रेवदर में




♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** रेवदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुर्व विधायक जगसीराम कोली के हाथों एडवांस लाईफ सपोर्ट एंबुलेंस का उद्घाटन किया गया। एंबुलेंस में गंभीर दुर्घटना से ग्रसित मरीजों को बचाने हेतु अति आधुनिक उपकरण उपलब्ध होने से मरीजों को राहत मिलेगी। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने सांसद लुंबारम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित का भी आभार जताया। इस दौरान ब्लांक चिकित्सा अधिकारी डॉ एस एस भाटी , सीएससी इन्चार्ज मुकेश मीणा, नर्सिंग आफिसर मंगला राम, एंबुलेंस पायलट खेत सिंह देवड़ा, रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष हरीश लौहार, समाज सेवी सुरेश रावल, कैलाश जोशी, प्रकाश निंबोड़ा, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर क्रिसमस स्पेशल रेलसेवा (2 ट्रिप) का संचालन

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** रेलवे द्वारा क्रिसमस के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा (2 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। गाडी संख्या 09623, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 25.12.24 व 01.01.25 (2 ट्रिप) अजमेर से बुधवार को 10.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 06.45 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09624, बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 26.12.24 व 02.01.25 (2 ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से गुरूवार को 10.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.15 बजे अजमेर पहुचेगी। यह रेलसेवा किशनगढ़, जयपुर, दुगार्पुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, रतलाम, वडोदरा, उधना (सूरत), वलसाड, वापी, पालघर व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 4 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकानोमी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पावर कार व 01 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे। बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस उर्स स्पेशल रेलसेवा (3 ट्रिप) का संचालन रेलवे द्वारा उर्स मे आने वाले जायरीन की सुविधा हेतु बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा (3 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। गाडी संख्या 09027, बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 26.12.24, 02.01.25 व 09.01.25 (3 ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से गुरूवार को 12.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 06.25 बजे अजमेर पहुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09028, अजमेर- बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा दिनांक 27.12.24, 03.01.25 व 10.01.25 (3 ट्रिप) अजमेर से शुक्रवार को 10.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 04.20 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुचेगी। यह रेलसेवा बोरीवली, पालघर, दहानु रोड, वापी, वलसाड, उधना (सूरत), भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौडगढ, भीलवाडा, बिजयनगर व नसीराबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# अखिल भारतीय सीरवी समाज वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुम्भ का हुआ समापन

♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट व माताजी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय सीरवी समाज वॉलीबॉल प्रतियोगिता महाकुम्भ का समापन रविवार को मागडी रोड जोगरनहल्ली स्थित आईधाम मैदान में हुआ। शनिवार को लीग मैच खेले गये । दूसरे दिन रविवार को क्वाटर फाईनल, सेमी फाईनल, फाईनल मैच खेले गये। फाईनल मुकाबला सीरवी पुणे व जेडीमेटला ए. हैदराबाद के बीच खेला गया। जिसमें जेडिमेटला ए. टीम ने अपनी शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। वही रनर सीरवी पुणे टीम रही। तीसरे स्थान पर मिरपेट डी.एस.सी.रही। चौथे स्थान पर केंगेरी ए. टीम रही। मेन ऑफ दा मैच राकेश, मेन ऑफ दा सिरिज गोविंद, बेस्ट नेटर मनोज, बेस्ट शुटर उमेश, बेस्ट डिफेंडर महेंद्र, बेस्ट सेंटर यशवंत रहे। प्रतियोगिता के आयोजक सीरवी समाज कर्नाटक बलेपेट की ओर से विजेता टीमो व खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी टीमों के कप्तान को मोमेटों व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। समापन समारोह में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में सीरवी महासभा कर्नाटक के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार, महासचिव अमरचन्द सानपुरा, पूर्व अध्यक्ष विरमराम सोलंकी और मुम्बई, पुणे, हैदराबाद, मैसूरू, बेंगलूरू, तुमकूर व अन्य क्षेत्र के वडेरों के पदाधिकारी एवं संस्था के अध्यक्ष हरिराम गेहलोत, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा, सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राम पंवार, खेल मंत्री कैलाश भायल, खेल मंत्री दुदाराम काग, शेषाराम भायल, जगदीश चोयल, रामलाल काग, नेमाराम गेहलोत, शेषाराम सेंणचा, मांगीलाल चोयल,राजूराम बर्फा, गोपाल सेंणचा आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कार्यकारिणी के सभी सदस्य, सेवा संघ सदस्य, सांस्कृतिक समिति, गेर मंडल, महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। संचालन सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत ने किया।



# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की 87वीं बैठक सम्पन्न




♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** दिनांक 23.12.2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की 87वीं बैठक श्री आलोक अग्रवाल, मंडल रेल प्रबंधक/अजमेर एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें 44 केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों, निगमों, उपक्रमों के लगभग 60 कार्यालय प्रमुख/प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में दिनांक 01.04.2024 से 30.09.2024 तक की छमाही अवधि में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान वर्ष 2023 में केन्द्रीय कार्यालय समूह में मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय को, उपक्रम समूह में भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय को एवं शिक्षण संस्थान समूह में केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 को अध्यक्ष, नराकास द्वारा नराकास शील्ड (चल वैजयन्ती) प्रदान कर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय कार्यालय समूह हेतु मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय प्रदान की गई नराकास शील्ड मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री विकास आनंद ने प्राप्त की` इस अवसर पर भारतीय खान ब्यूरो की हिंदी पत्रिका अभिव्यक्ति का विमोचन अध्यक्ष, नराकास एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री आलोक अग्रवाल के कर कमलों द्वारा किया गया। श्री भूपेन्द्र सिंह, सदस्य सचिव नराकास व राजभाषा अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर ने बैठक का संचालन किया` वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक अजमेर मण्डल श्री बंशी लाल मीना ने बैठक सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समाज के व्यापारियों के लिए व्यापार संगोष्ठी का हुआ आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज महासभा कर्नाटका (रजि.) की ओर से रविवार, दिनांक 22.12.2024 को रात्रि 8.30 बजे से 9.45 बजे तक सीरवी सेवा संघ भवन (बडेर) लिंगराजपुरम के प्रांगण में प्रवासी सीरवी समाज के व्यापारी बंधुओं के लिए व्यापार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेन्ट (सीए) प्रेमराज राठौड़, सुनील कुमार हाम्बड़, दिनेश कुमार बर्फा एवं उत्तम कुमार गेहलोत व्यापारियों को जीएसटी, लेखा अंकेक्षण एकाउंट/आडिट तथा वित्तीय लेन-देन (कर्ज) आदि से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। सीरवी महासभा कर्नाटक के महासचिव अमरचन्द सानपुरा ने बताया कि इस



संगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने स्वजातीय व्यापारी बंधुओं के समक्ष कारोबार के दौरान आने वाली मुश्किलों, चुनौतियों तथा समस्याओं को जानना, समझना और उनके समाधान की दिशा में प्रयास करना है। बेंगलूरु सहित कर्नाटक के विभिन्न शहरों में बसे प्रवासी सीरवी बंधु व्यापार के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। अपनी कर्मठता, मेहनत तथा ईमानदारी के बल पर व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में समाज के लोगों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आज तेजी से बदल रहे समय में व्यापार के क्षेत्र में हो रहे बदलावों, सरकारी नियम-कायदों, आधुनिक तकनीकी आदि के बारे में पर्याप्त जानकारी रखना बहुत जरूरी है। इससे व्यापारी वर्ग को अपना कारोबार सुगमता एवं सफलतापूर्वक करने में मदद मिलती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सीरवी समाज महासभा कर्नाटक की ओर से व्यापार संगोष्ठी का आयोजन करने की पहल की जा रही है। संगोष्ठी के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों को बुलाया जाएगा ताकि उनके ज्ञान व अनुभवों का समाज के व्यापारी बंधुओं को मिल सके। इस अवसर पर लिंगराजपुरम वडेर के अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, सहसचिव जुगराज चोयल, होसकोटे जोन 2 के संयोजक ओमप्रकाश चोयल, होसकोटे जोन 2 के प्रभारी ढगलाराम बर्फा आदि उपस्थित रहे।

# शेखावत ने युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**रोजगार मेला। - केंद्रीय मंत्री ने किया विकास के साथ विरासत का सम्मान करने का आह्वान**

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर ।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार को जोधपुर रोजगार मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और कर्तव्य बोध के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। देशभर में 45 स्थानों पर सरकारी नौकरियों में चयनित 71,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। इसके तहत सीमा सुरक्षा बल के जोधपुर स्थित सीमांत सीमांत मुख्यालय में 14वें रोजगार मेले में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने युवाओं को कर्तव्य बोध के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। शेखावत ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 सूत्रीय संकल्पों पर विशेष रूप से मिशन कर्मयोगी पर चर्चा की। उन्हें बताया कि किस प्रकार विश्व में भारत ने चमत्कृत प्रगति की है। शेखावत ने विकास के साथ विरासत का भी सम्मान करने का आह्वान किया। शेखावत ने कहा कि हम सब लोग साधारण परिवार से आते हैं। आप कहीं कोचिंग करने के लिए गए होंगे। घर से बाहर रहकर पढ़ाई की होगी, लेकिन आपको इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए आपके माता-पिता ने कहीं न कहीं अपनी किसी आकांक्षा या इच्छा का निश्चित रूप से त्याग किया होगा। आप इस लायक बन सकें, आपकी मां ने सहयोग किया होगा। केंद्रीय मंत्री




ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि इस सफलता के उत्सव में हमारे परिवार के सब लोग सम्मिलित हों, ऐसे सारे लोग सम्मिलित हों, जिन लोगों ने हम जो हैं, इस मुकाम तक पहुंचने में इस लक्ष्य को हासिल करने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया। हम सबके मन में उनके लिए एक कृतज्ञता का भाव भी होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि रोजगार मेले के मेजबान के रूप में सीमा सुरक्षा बल, न केवल सीमाओं की सुरक्षा के अपने प्राथमिक दायित्व के माध्यम से बल्कि सामाजिक विकास में सक्रिय योगदान देकर राष्ट्र की सेवा करने के अपने लोकाचार का उदाहरण देता है। भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में पहचान बना चूका यह बल, ऐसे आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो इस बल की मुख्य जिम्मेदारियों के साथ समग्र राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के प्रति बल के समर्पण को उजागर करती है। सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक एमएल गर्ग, जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली सहित अनेक अधिकारी विविध विभागों में चयनित युवा अभ्यर्थी और उनके अभिभावक समारोह के साक्षी बने। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक एमएल गर्ग ने स्वागत अभिनंदन किया। **जोधपुर में 236 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र-** जोधपुर में 236 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इनमें 116 बीएसएफ, 8 सीआरपीएफ, 29 आइटीबीपी, 11 एसएसबी, 30 सीआईएसएफ, 5 असम राइफल, 13 रेलवे, 13 डाक विभाग, 10 एसबीआई और एक को केनरा बैंक में चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## डॉ. महेश सोनी समाजसेवी को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

**सोजत सिटी ।** आर्या पब्लिकेशन के संस्थापक सौरभ पाण्डेय लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा ( जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव व आर्या पब्लिकेशन के राजस्थान प्रदेश महासचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वर्णिम साहित्य महाकुंभ सृजन सम्मान पत्र 2024 से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ) एवं आर्या पब्लिकेशन के राजस्थान प्रदेश महासचिव डॉ. महेश सोनी ने आर्या पब्लिकेशन के संस्थापक सौरभ पाण्डेय लखनऊ उत्तर प्रदेश का आभार जताया।



## शुभारंभ श्री गणपति, काल भैरव अष्टकम, शिव वंदना से किया



**वाराणसी।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल परसोमवार को सुबह ए बनारस के अंतर्गत घाट संध्या कार्यक्रम में हैदराबाद से पधारे युवा कलाकार अक्षरा ने कुचिपुड़ी नृत्य का शुभारंभ श्री गणपति, काल भैरव अष्टकम,शिव वंदना एवं समापन वृंदावन सारंग तिल्लाना से किया। कलाकार को प्रमाण पत्र सीमा केसरी ने प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की। घाट संध्या कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने किया।

# प्रभु पार्श्वनाथ भगवान की महिमा अपरंपार है -: आचार्य श्रीमद् विजय हितेषचन्द्र सूरीजी

### आचार्य श्री एवं मुनिराजगणों का महावीर बाग से बावन जिनालय तक शोभायात्रा के रूप में हुआ मंगल प्रवेश


♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** विश्व पूज्य दादा गुरूदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी मसा के नवम पट्टधर एवं श्री मोहनखेड़ा तीर्थ के ट्रस्ट अध्यक्ष गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हितेषचंद्र सूरीश्वरजी मसा के साथ मुनिराज श्री दिव्यचंद्रविजयजी मसा, श्री पुष्पेन्द्रविजयजी मसा, श्री रूपेन्द्रविजयजी मसा एवं श्री वैराग्ययशविजयजी मसा आदि ठाणा-5 का 23 दिसंबर, सोमवार को शोभायात्रा के रूप में महावीर बाग से श्री ऋषभदेव बावन जिनालय आगमन हुआ। यहां आचार्यश्री द्वारा समाजजनों को मंगल प्रवचन दिए गए। इसके साथ ही आचार्यश्री एवं मुनिराजगणों की निश्रा में पांच दिवसीय श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म-दीक्षा कल्याण महोत्सव की भी



शुरूआत हुई। आचार्यश्री ने बावन जिनालय में समाजजनों को मंगल प्रवचन भी दिए। शाम को श्री गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर पर अट्ठम तप के तपस्वियों का धारणा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए श्वेतांबर जैन श्री संघ के युवा रिंकू रूनवाल ने बताया कि सोमवार दिलीप गेट स्थित महावीर बाग पर स्व. श्रीमती वालीबाई समीरमल भंडारी की स्मृति में यशवंत, निखिल, शार्दुल, हिया, जिनांश भंडारी परिवार द्वारा नवकारसी का आयोजन रखा गया। 9 बजे से महावीर बाग से बैड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्री हेमेन्द्र सूरी महिला मंडल एवं श्री राजबहू मंडल की श्राविकाएं एक जैसे परिधान लाल वस्त्रों में कलश लेकर चल रही थी। इसके पीछे दादा गुरूदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी की तस्वीर के सम्मुख समाजजनों द्वारा जगह-जगह अक्षत से गहूली की गई तथा आचार्यश्री एवं मुनिराजगणों को श्रीफल से बधाया (स्वागत) किया गया। आचार्य एवं मुनिराजगणों आदि ठाणा के साथ समाज की श्रावक एवं सबसे पीछे श्राविकाएं शामिल हुई। यह शोभयात्रा शहर के चेतन्य मार्ग, विजय स्तंभ तिराहा, जिला चिकित्सालय मार्ग, बस स्टैंड चौराहा, मुख्य बाजार, बाबेल चौराहा, आजाद चौक, राजवाड़ा से लक्ष्मीबाई मार्ग होते हुए श्री ऋषभदेव बावन जिनालय पहुंचने पर यहां श्वेतांबर जैन श्री संघ अध्यक्ष मनोहरलाल भंडारी, श्री विघ्नहरा विहार धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष यशवंत भंडारी, रिंकू रूनवाल आदि ने आगवानी की। आचार्यश्री एवं मुनिराजगणों द्वारा बावन जिनालय में श्री ऋषभदेव भगवान एवं विश्व पूज्य दादा गुरूदेव के दर्शन किए गए। बहुमान एवं आमंत्रण-पत्रिकाओं का हुआ विमोचन पश्चात पोषध शाला भवन में धर्मसभा का आयोजन हुआ। इसके पूर्व मुनिराज श्री वैराग्ययशजी मसा द्वारा द्वादश गुरूवंदन करवाया गया। स्वागत उद्बोधन श्री संघ अध्यक्ष मनोहरलाल भंडारी ने दिया। धर्मसभा में अतिथि के रूप में उपस्थित श्री मोहनखेड़ा तीर्थ से पधारे मेनेजिंग ट्रस्टी सुजानमल सेठ, मनावर से पधारे श्री संघ के पदाधिकारियों का श्री संघ झाबुआ की ओर से स्वागत किया गया। मोहनखेड़ा तीर्थ के प्रबंधक अर्जुनप्रसाद मेहता का श्री संघ झाबुआ द्वारा शाल-श्रीफल से बहुमान किया गया।

## आधुनिक युग में प्रेम की दशा



*मैं पवित्र प्रेम था*
*तुम ने क्या बना दिया*
*अपने अंदर की वासना को*
*तुमने मेरा नाम क्यों दिया*
*मैं तो गंगा का निर्मल जल था*
*लेकिन तुमने गंदी नाली में बहा दिया*
*कब मैं जिस्म का भूखा था*
*जो बदनाम मुझे होना पड़ा*
*कब घर से भागो कहा हमने*
*मेरे नाम पर तुमने ये क्या किया*
*तुम सब ने मिलकर मुझे बदनाम किया है*
*आज की युवा पीढ़ी ने मेरा बस अपमान किया है*
*रोता हूं मैं बिलखता हूं*
*कुढ़ - कुढ़ कर मैं रोज मरता हूं*
*मैंने तो त्याग सिखाया था*
*प्रेम में परमात्मा पाया था*
*मेरी परिभाषा पूछो राधा से*
*कृष्ण ने प्रेम क्या है बताया था*
*मैंने तो मीरा को जोगन बनाया था*
*उर्मिला से लक्ष्मण के खातिर प्रतीक्षा कराया था*
*आज की युवा पीढ़ी ने मुझे कही का न छोड़ा*
*गली मोहल्ले गांव शहर हर जगह सब ने मुझे तोड़ा*
*किसी ने जाति के नाम पर मेरा फायदा उठाया*
*किसी ने हूर की चाहत में मुझे घिनौना बनाया*
*हर जाति, हर धर्म, हर समुदाय में मुझे अवज्ञा मिली*
*मैं प्रेम था मुझे सब ने घृणित कर मेरा दोहन किया।।*

**ऋतम्वदा 'वत्स'**

## पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक व मडलीय अधिकारियों के साथ वाराणसी सिटी-छपरा रेलखण्ड पर विण्डो निरीक्षण किया



♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा अत्यधिक ठंड एवं कोहरे के मौसम में खराब दृश्यता को ध्यान में रखकर संरक्षित रेल परिवहन एवं यात्रियों की सुरक्षा के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को मडलीय अधिकारियों के साथ वाराणसी सिटी-छपरा रेलखण्ड पर विण्डो निरीक्षण किया।इस खण्ड पर रेल संरक्षा के साथ-साथ इस खण्ड पर चल रहे यात्री सुविधा विकास कार्यों के दौरान कर्मचारियों की सेफ्टी एवं संरक्षित परिचालन की जाँच की। अपने निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने अपने निरीक्षण यान से विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए छपरा स्टेशन पहुँचे । छपरा स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने स्टेशन पैनल,संरक्षा से जुड़े उपकरणों के अनुरक्षण रजिस्टर,यात्री प्रतीक्षालय, स्टेशन मस्टर कक्ष ,रिले रूम चाभी हस्तांतरण रजिस्टर,सतर्कता आदेश पंजिका,ब्लॉक यंत्र,स्टेशन भवन,प्लेटफार्म तथा विकास कार्यों के निमित्त केबल टर्मिनेशन एवं वायरिंग का निरीक्षण किया और सभी नियम संगत पाया ।उन्होनें छपरा स्टेशन के विस्तार के साथ रूट रिले इंटरलॉकिंग पैनल,परिचलनिक व्यवस्था , प्लेटफार्मो के शेड तथा यात्रियों की सुरक्षा हेतु विभिन्न व्यवस्था, ग्लोशाइन स्टेशन नाम बोर्ड, साइनेजेज, ,रनिंग रुम, क्रू लॉबी का यात्री सुधार समेत यात्री सुख-सुविधाओं के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया तथा छपरा स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो की गति बढ़ाने और सभी कार्य तय समय सीमा में सम्पन्न कराने का भी निर्देश दिया साथ ही उन्होंने रनिंग रुम का भी गहन निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोको पायलट के ड्यूटी घंटे, विश्राम घंटे , असामान्यता रजिस्टर, श्वास परीक्षण मशीन की उपलब्धता,मैनूल साइन औन और साइन ऑफ का गहन निरीक्षण किया और सही पाया तथा संरक्षित रेल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# महतारी वंदन सम्मेलन में शामिल हुए वनमंत्री केदार कश्यप

### महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी और आर्थिक उन्नति के दिशा में कार्य किया जा रहा है- वनमंत्री

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़। (गोलू मरकाम)।** प्रदेश मे महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत सुधार तथा परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज मे महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री परिषद द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिसके तहत राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष्य में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन जिले के ऑडिटोरियम में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल



संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा प्रदेश के लगभग 70 लाख महिलाओं को इसका लाभ दिया जा रहा है, जिसमें जिले के 27 हजार 597 महिलाओं को महतारी वंदन योजना से प्रति माह 1 हजार रुपए उनके खाते में अंतरण किया जा रहा है। इसी प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत प्रधानमंत्री आवास, नल-जल योजना, तेंदूपत्ता योजना और आयुष्मान कार्ड हर व्यक्ति का बनाया जा रहा है, जिसका लाभ सभी हितग्राहियों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के माता एवं बहनों को उनके आत्मनिर्भर स्वावलंबी और आर्थिक उन्नति की दिशा में कार्य करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेक इरादा और दूर दृष्टि के कारण हर गांव में हर घर में शौचालय का निर्माण हो सका है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सरकार ने राज्य के 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने का निर्णय लिया गया है, यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं लोगों के लिए चलाए जा रहे हैं, एक ही वर्ष में आधे से अधिक कार्य पूर्ण हो गया हैं। इसी प्रकार माता एवं बहनों को लखपति दीदी बनाने और ड्रोन दीदी बनने का सपना भी सरकार शीघ्र ही साकार करने जा रहा है। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी योजनाओं का लाभ गरीबों तथा वंचितों को नहीं मिल पा रहा था, तब हमारी सरकार बनते ही योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। वनमंत्री ने जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में योजनाओं से संबंधित लगाई गई फोटो प्रदर्शनी को भी देखा और सराहना करते हुए लोंगो तक योजनाओं के बारे में प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किये। महतारी वंदन सम्मेलन में मंत्री श्री केदार कश्यप ने हितग्राहियों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा हितग्राहियों से सेल्फी फोटो लिया। कार्यक्रम में पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद मांझी, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी, पार्षद प्रमिला प्रधान, जैकी कश्यप, विकास मरकाम, बृजमोहन देवांगन, गौतम एस गोलछा, नरेंद्र मेश्राम, कलेक्टर बिपिन मांझी, डीएफओ सचिकानंदन के, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी रविकांत धुर्वे सहित जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकगण उपस्थित थे।

## भाग्य नगर में पधारे राजस्थान से सांसद चुरु राहुल कसवां का एयरपोर्ट शमशाबाद पर भव्य स्वागत किया



तेलंगाना हैदराबाद राजस्थान से पधारे चुरु सांसद राहुल कसवां धर्मपत्नी नीलू कसवां पुत्री महामहिम जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति भारत , ,साङ्सद पिए रोहितास धनकड़ , मनोज ढाका पूर्व सरपंच,जाट नेता विजयपाल चहार बागसरा जाट नेता , महेंद्र डुकीया पूर्व सरपंच सालासर , गणेश ढाका ,जाट नेता धमार्राम ढाका हैदराबाद विकास शर्मा,रामनिवास गोरचिया, ओमप्रकाश सिंवर,गुलाब बांगड़ा, आंनद शर्मा , गोपाल जाट , ओमप्रकाश गोटीया , जगदीश सीरवी,तुलसाराम बेरा ,सुजाराम कोंकणा, का सम्मान किया।इस अवसर पर राजस्थानी प्रवासी उपस्थित रहे।

# केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने बर डाक बंगला में की जनसुनवाई





♦भारत टाइम्स♦

**बर। कैलाश गुर्जर।** केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने बर स्थित डाक बंगला परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित जनता की समस्याओं को सुना व समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान राजस्थान सरकार की जनहितकारी योजनाओं के संबंध में उपस्थित जनों को संबोधित किया तथा पालनहार योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के खाते खुलवाए तथा 4 लाभार्थियों को पालनहार योजना की स्वीकृति जारी की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा जी, पुलिस उपाधीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह नेगी जी, रायपुर उपखण्ड अधिकारी श्री गुलाब सिंह जी वर्मा, जिला चिकित्साधिकारी श्री संजय जी गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार जी गुप्ता, जिला रसद अधिकारी श्री सद्दीक खान जी, तहसीलदार श्री पुष्पेन्द्र जी पांचाल, विकास अधिकारी श्री भंवरलाल जी सिंगारिया, रायपुर प्रधान श्रीमती कमला जी चौहान, जैतारण प्रधान श्री मेघाराम जी सोलंकी, उपप्रधान श्री पशुपति सिंह जी व बर सरपँच महेन्द्र चौहान , सेंदड़ा सरपँच रतन सिंह भाटी , झाला की चौकी सरपँच प्रतिनिधि रमेश सिंह , बिराटिया कला सरपँच प्रतिनिधि शैतान नायक , मेघड़दा सरपँच कालूराम एव ब्लॉक स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

# अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एनडीआरएफ जवान गंभीर, मौत

- मॉ-बाप के बुढ़ापे का सहारा और बच्चो के सिर से छाया उठा, जनपद चंदौली मे चहनियां- बलुऑ मेन रोड़ पर बलुऑ मोड के समीप रविवार को अपरान्ह मे अज्ञात चार पहिया वाहन के धक्के से एनडीआरएफ जवान की मौत हो गई।





♦भारत टाइम्स♦

**धानापुर (चंदौली) / बजरंगी प्रसाद।** जनपद चंदौली मे चहनियां-बलुऑ मेन रोड़ पर बलुऑ मोड के समीप रविवार को अपरान्ह मे अज्ञात चार पहिया वाहन के धक्के से एनडीआरएफ जवान की मौत हो गई। सुचना के बाद बलुऑ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय चंदौली भेज दिया। घटना की खबर लगते ही गांव मे हडकंप मच गई। जानकारी के अनुसार धानापुर थाना क्षेत्र के हिंगुतरगढ़ गांव निवासी जय प्रकाश सिंह के एकलौते पुत्र रितेश सिंह उम्र (39) एनडीआरएफ टीम के जवान रहे। जो वाराणसी मे तैनात रहे। ड्यूटी पर जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन- फानन मे परिजनो ने चहनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को ससम्मान सेना पुलिस के जवानो ने रितेश का शव लेकर पैतृक गांव हिंगुतरगढ़ पहुंचे। जवान के अंतिम दर्शन के लिए सैकडो की संख्या मे लोगो की भीड उमड़ पड़ी। लोग नम ऑखो से गांव के लाल को अंतिम विदाई किया। धानापुर क्षेत्र के रायपुर गांव के समीप बाबा वीर डम्हारी गंगा घाट पर जवान के शव को अंतिम विदाई गार्ड आफ आनर की सलामी के साथ दी गई। जवान के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हॉल बन गया। जयप्रकाश सिंह के इकलौते पुत्र की मौत से पुरे गाँव मे शोक की लहर छा गई। जवान की पत्नी आशा सिंह रो- रोकर बेसुध हो गई।

# आक्रोशित दलितों ने फूंका गृहमंत्री अमित शाह का पुतला, डॉ अम्बेडकर ही दलितों के असली भगवान : रजत कल्सन

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ बीआर अंबेडकर के बारे में संसद में की गई अपमानजनक व अमर्यादित टिप्पणी के मसले पर आज हिसार के लघु सचिवालय के सामने दलित समाज के लोग भारी संख्या में इकट्ठे हुए तथा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा रोष स्वरूप गृहमंत्री अमित शाह का पुतला का दहन किया। इससे पूर्व लघु सचिवालय हिसार के मुख्य द्वार पर मौजूद जनसमुह को संबोधित करते हुए दलित कार्यकर्ता व अधिवक्ता रजत कल्सन ने कहा की एक तरफ देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री मंच पर यह कहते हैं कि उनके दिलों में डॉक्टर अंबेडकर के प्रति गहरा सम्मान है ऊपर से यह लोग सांसद जैसी पावन जगह पर बाबा साहब का सरेआम



अपमान कर रहे हैं।

कल्सन ने कहा कि भारत के संविधान से पहले देश में दलितों के लिए नारकीय माहौल था बाबा साहब ने संविधान की रचना कर देश में लोकतंत्र स्थापित किया जिसके बाद एससी एसटी समाज की स्थिति में सुधार आया तथा वे बाबा साहब के चलते ही देश के मुख्य धारा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत में अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं तथा अल्पसंख्यकों के लिए डॉक्टर बी आर अंबेडकर भगवान से ही बढ़कर हैं तथा उन्हें और किसी भगवान की कतई भी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि गहमंत्री के बयान से पूरे देश के वंचित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है तथा वह इस बारे में देश की महामहिम राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि तुरंत प्रभाव से देश के गृहमंत्री को बर्खास्त किया जाए तथा खुद गृहमंत्री अमित शाह को भी इस मामले में सार्वजनिक रूप से मीडिया के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए।

परंतु दुख की बात यह है कि खुद गृहमंत्री व प्रधानमंत्री अपने दिए गए कि अपमानजनक बयान को न्यायोचित ठहराने का प्रयास कर रहे हैं। जन समस्या समाधान मोर्चा के संयोजक व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मास्टर देशराज प्रजापति ने कहा कि डॉ बी आर अंबेडकर ने अपनी कलम से मनुस्मृति को खत्म किया था परन्तु अमित शाह जैसे लोग आज भी उसी व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं तथा देश के दलित और वंचित समाज को 200 साल पीछे ले जाना चाहते हैं तथा अब एससी एसटी और ओबीसी समाज उनकी इन हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा तथा इसके खिलाफ जमकर देशव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा।

### पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सचिवालय के अंदर नहीं जाने दिया

कल्सन ने आरोप लगाया कि लघु सचिवालय के गेट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारी को भविष्य वाले के अंदर नहीं घुसने दिया जबकि इससे कुछ मिनट पहले ही किसानों के प्रदर्शनकारियों को अंदर जाने दिया तथा उक्त प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय के अंदर जाकर जाकर नारेबाजी कर वापस आए कल्सन ने कहा कि हरियाणा के पुलिस जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त है तथा दलित समुदाय के प्रदर्शनकारियों को जानबूझकर जातिवादी मानसिकता के चलते के अंदर नहीं जाने दिया।

# मतलब कानपुर में महिलाएं ही महिलाओं की दुश्मन, आई टी आई गर्ल्स हॉस्टल कर्मी के खिलाफ एफ आई आर

- बाल पड़कर छात्रा को लात घूसों से पीटने के मामले में कल्याणपुर के एसीपी ने शुरू की जांच, समाज कल्याण विभाग में आरोपी महिला कर्मचारी को हटाया
- कई मामलों में महिलाओं ने ही महिलाओं के खिलाफ दर्ज करा रखी है एफ आई आर

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** यहां आई टी आई गर्ल्स हॉस्टल में महिला कर्मी द्वारा शराब के नशे में छात्रा से मारपीट करने का मामला टूर पड़ गया है।पुलिस ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है जिसके बाद कल्याणपुर के एसीपी ने जांच शुरू कर दी है। उनके मुताबिक मामले में जल्द ही चार्ज शीट दाखिल की जाएगी। इस एफ आई आर में आरोपी महिला कर्मचारी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट भी लगाया गया है। यही वजह है कि मामले की विवेचना एसपी कल्याणपुर की हवाले की गई है ,जिसे उन्होंने शुरू भी कर दिया है। मामले में जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी। घटना के बारे में अवगत कराते चलें कि बीते 18 दिसंबर को हॉस्टल में आई टी आई छात्रा से वहां के कर्मचारी गुड़िया ने शराब के नशे में बाल पकड़कर थप्पड़ लात घूंसों से पीटा था। इस दौरान उसने जातिसूचक शब्द कहकर उसे अपमानित भी किया था। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया था। दर्ज कराई एफआईआर के मुताबिक घटना के समय छात्रा अपने रूम में मौजूद थी। उसी समय और गुड़िया ने आंगन से आवाज लगाई थी। उसने गुड़िया की आवाज सुनी और रूम से ही कहा कि वो उपस्थित है। उसके बाद भी गुड़िया ऊपर चढ़कर आई और साथ रहने वाली छात्रा को बाहर कर फिर उसके साथ मारपीट की। पुलिस के मुताबिक ऐसा क्यों किया गया यह विवेचना में स्पष्ट हो जाएगा। मौके पर पहुंची पुलिस को छात्रा ने बताया कि बीते 2 दिसम्बर को भी गुड़िया सिंह ने उसे देख लेने, सबक सिखाने और करियर बर्बाद कर देने की धमकी दी थी। छात्र का आरोप यह भी है कि जब उसने वार्डन किरण बाला से इसकी शिकायत दर्ज कराई तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाए उलटा पीड़िता छात्रा को डांट लगाकर चुप करा दिया था। फिलहाल मामले में समाज कल्याण विभाग ने भी कर्मचारी गुड़िया सिंह को हटा दिया है। कुल मिलाकर कानपुर में महिलाएं ही उनकी महिलाओं की दुश्मन साबित हो रही है। कई मामलों में तो महिलाओं ने ही महिलाओं के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज कर रखे हैं।

# भरदाकला में हुआ पशु मेला प्रदर्शनी का आयोजन, आकर्षण का केंद्र रही दुनिया की सबसे छोटी गाय पुंगनूर

## कृत्रिम गभार्धान से किया गया है इसे बालोद जिले में भी उत्पन्न, छत्तीसगढ़ में है ऐसा पहला प्रयास

♦भारत टाइम्स♦

**बालोद/यशवंत निशाद। डौंडीलोहारा।** ग्राम भरदाकला में पशुधन विकास विभाग जिला बालोद के द्वारा 14 दिसंबर शनिवार को जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के पशु पक्षियों जैसे दुधारू गाय, भैंस, बछिया, बछड़ा, बकरी, बकरा, मुर्गी, मुर्गा का प्रदर्शन प्रतियोगिता किया गया। साथ ही चयन समिति द्वारा चयनित उत्कृष्ट पशु पक्षियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित सांत्वना पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा थी। अध्यक्षता जनपद गुंडरदेही के




अध्यक्ष सुचित्रा साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज, कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत बालोद की सभापति ललिता पीमन साहू, नगर पंचायत अर्जुंदा के अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, जनपद सदस्य दुर्गेश्वरी यादव, भरदाकला के सरपंच लक्ष्मीबाई मेरिहा, वरिष्ठ जन क्रांति भूषण साहू, विश्व हिंदू परिषद के प्रशांत भारद्वाज आदि मौजूद रहे । इस प्रदर्शनी में सबसे खास आकर्षण का केंद्र एक गाय रही। जिसे पुंगनूर गाय कहा जाता है और यह दुनिया की सबसे छोटी गाय और उन्नत नस्ल की मानी जाती है।

इस गाय को कृत्रिम गभार्धान द्वारा बालोद जिले में भी उत्पन्न किया गया है। इस गाय के पशुपालक गौरव माहेश्वरी ग्राम पैरी के हैं। तो वहीं कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता विभाग के घनश्याम यदु निवासी खेरूद हैं। जिनके प्रयास से बालोद जिले में इस तरह का पहला गाय उत्पन्न किया गया है। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे छोटी नस्ल की यह गाय है। जो आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में पाई जाती है। इस जिले के पुंगनूर शहर पर इसका नाम रखा गया है। इसकी ऊंचाई 97 से 107 सेंटीमीटर और वजन करीब 170 से 240 किलोग्राम के बीच होती है। तथा दूध उत्पादन 1 से 2 किलोग्राम प्रतिदिन होती है। प्रदर्शनी में यह आकर्षण का केंद्र बना रहा।

### इन पशुपालकों को किया गया सम्मानित

*कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न पशुपालकों को सम्मानित किया गया। जिसमें भारतीय नस्ल गाय के लिए टोमन यादव, सोनू साहू, वासुदेव साहू, विदेशी संकर नस्ल गाय के लिए अर्जुंदा के राजेंद्र ठाकुर, दुधारू भैंस के लिए संतोष शर्मा, छवि साहू, बैल जोड़ी के लिए तिलोक देवांगन, तूका धनकर, भगवती साहू, भैंसा जोड़ी के लिए दसरू राम साहू, कलोर के लिए गेंदलाल साहू ,खेमलाल यादव, दिलीप धनकर, वत्स गौवंशिय हेतु संदीप ठाकुर, वीरेंद्र साहू, दिलीप धनकर, भैंस वंशिय के लिए ठमेश ठाकुर, नारद राम, नाथूराम साहू, विशिष्ट वर्ग पुंगलूर के लिए गौरव माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। साथ ही बकरा बकरी के लिए विनोद देवांगन, डालचंद सावलकर, हेमंत ठाकुर, भेड़ भेड़ी के लिए लाल धनकर, मनहरण लाल धनकर, मुर्गा मुर्गी के लिए बंटी चंद्रवंशी, गफूर खान, जैन कुमार, कुत्ता के लिए खिलानंद साहू आदि सम्मानित किए गए।*

# सरकार की हर सुविधाओं को जरूरतमंदो तक पहुंचाना मेरा कर्तव्यःअंजनी सिंह



♦भारत टाइम्स♦

**धानापुर (चंदौली) / बजरंगी प्रसाद।** धानापुर के सिद्धपीठ खड़ान में परमहंस बाबा प्रसन्नदास जी महाराज के तपोभूमि पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के दर्जनो गावो कवई पहाड़पुर, अकबालपुर, महुरां, खड़ान, कांधरपुर, भदाहूं, मिजार्पुर, महराई, सिहावल, नेगुरां, गौसपुर, बघरी, धरहरा, जमानियां आदि मरीजों ने चेकअप कराया। आनंद नेत्रालय मुगलसराय के कुशल नेत्र चिकित्सको द्वारा सैकडो मरीजो का नेत्र परीक्षण हुआ। इसमे चौवालिस मरीजों का ऑपरेशन हेतु आनंद नेत्रालय मुगलसराय के लिए चयन किया गया। दर्जनों मरीजो को हाई सूगर एवं हाई बीपी होने की वजह से चिकित्सकीय परामर्श देकर अगले शिविर मे आने के लिए कहा गया। इस मौके पर आयोजक जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने कहा कि मै हमेशा मजदूरो, किसानो व जरूरतमंदो तक सरकार की योजनाओ को पहुचाने और उनकी मदद करने को ही अपना धर्म माना है। जरूरतमंदो की सेवा सर्वोच्च सेवा है। जिसे बिना किसी भेदभाव व जाति धर्म, पार्टी और मजहब से ऊपर उठकर किया है।

# अरावली जिले में विश्व किसान दिवस के अवसर पर कृषि संगोष्ठी आयोजित किया गया

**भरतसिंह,आर/ठाकोर अरवली। गुजरात।** विश्व किसान दिवस के अवसर पर कार्यालय उपनिदेशक बागवानी, मोडासा,जिला. अरावली एवं ग्रीन टी.वी नई दिल्ली के संयुक्त पहल से जिला स्तर पर ₹सघन कृषि प्रणाली द्वारा फलों की खेती, प्राकृतिक कृषि प्रणाली द्वारा सब्जियों की खेती, आलू की फसल में मिट्टी एवं फसल सुरक्षा₹ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। बाबासाहेब अम्बेडकर भवन, मोडासा में आयोजित हुआ इस सेमिनार में जिले के विभिन्न तालुकाओं से किसानों ने भाग लिया। जिसमें डॉ. श्रवणसिंह वाघेला,कृषि वैज्ञानिक डिसा,जी.बनासकांठा ने आलू की फसल की वैज्ञानिक खेती के तरीकों, मौसम में बदलाव के कारण होने वाले रोगों और कीटों और उनके नियंत्रण की व्यापक जानकारी दी। डॉ। शिल्पाबेन राठौड़, वैज्ञानिक, फल अनुसंधान केंद्र, देहगाम, जिला। गांधीनगर द्वारा फल फसलों की गहन एवं गहन खेती की विधियों की जानकारी दी गई।

# वनमंत्री ने किया नगर घड़ी चौक का लोकार्पण

## नगर वासियों को लगभग 51 लाख रुपए की दी सौगात





♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर/छत्तीसगढ़। (गोलू मरकाम)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महतारी वंदन सम्मेलन में पहुंचकर राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने 25 लाख रुपए से निर्मित नगर में बनी घड़ी चौक का लोकार्पण किया। उन्होनें जिला अस्पताल में 19 लाख 99 हजार रुपये की लागत से बने प्री बर्थ वेटिंग रूम और वार्ड क्रमांक 10 मुरिया पारा में 6 लाख रुपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक भवन में शेड निर्माण का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि घड़ी चौक के बन जाने से शहर के सौंदर्यकरण और नगर की पहचान बनेगा और लोगों को समय देखने में आसानी होगी। लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रताप मांडवी, पार्षद जैकी कश्यप, कच्चापाल के सरपंच मंगडूराम नुरेटी, कलेक्टर बिपिन मांझी, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, सीएमओ नगर पालिका आशीष कोर्राम सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# कैरेटलेन का 'द लायन किंग' संग्रह पेश

## डिज्नी प्रतिष्ठित फिल्म 'द लायन किंग' से प्रेरित कैरेटलेन का कलेक्शन

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** भारत के अग्रणी ओमनी चैनल ज्वेलरी ब्रांड, कैरेटलेन-ए टाटा प्रोडक्ट ने डिज्नी की प्रतिष्ठित फिल्म, द लायन किंग से प्रेरित एक शानदार नया कलेक्शन लॉन्च किया है। क्लासिक फ्रैंचाइजी के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, यह नई ज्वेलरी रेंज बहुप्रतीक्षित मुफासाः द लायन किंग के ठीक समय पर शुरू हुई है, जो इस महीने के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। पहनने योग्य कला की यह विशाल 30-पीस रेंज स्वतंत्रता, दोस्ती, आत्म-खोज और प्रकृति की सुंदरता का उत्सव है। प्रत्येक आभूषण का टुकड़ा कलात्मक रूप से द लायन किंग की भावना को दशार्ता है, सिम्बा और टिमन जैसे प्रिय पात्रों को श्रद्धांजलि देता है, जबकि विशाल प्राइड लैंड्स को जीवंत करता है। यह कलेक्शन कैरेटलेन की बहु-फ्रैंचाइजी डिज्नी-थीम वाली रेंज का नवीनतम संग्रह है, जिसे इस वर्ष की शुरूआत में लॉन्च किया गया था, जिसमें डिज्नी की फ्रोजन, विनी द पूह, मिकी माउस एंड फ्रेंड्स और डिज्नी प्रिंसेस से प्रेरित डिजाइन शामिल हैं। अतुल सिन्हा, सीओओ, कैरेटलेन ने कहा,₹हमें आभूषणों के माध्यम से प्रिय कहानियों को जीवंत करने के लिए डिज्नी के साथ सहयोग जारी रखने पर गर्व है। यह संग्रह युवाओं और युवा दिल वालों के लिए सार्थक आभूषण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अभिनव डिजाइन और चरित्र-आधारित रचनाओं के साथ, कैरेटलेन वास्तव में एक बहुमुखी ब्रांड है जिसमें सभी के लिए कुछ न कुछ है। 14ङळ सोने, तामचीनी और हीरे से तैयार किए गए ये डिजाइन आकर्षक होने के साथ-साथ रुचिपूर्ण भी हैं। सिग्नेचर पीस में डिज्नी लायन किंग हकुना मटाटा गोल्ड रिंग, ब्रेव डायमंड और जेमस्टोन नेकलेस और सिम्बा और पॉ कलरस्टोन शामिल हैं जो हर रोज और त्यौहारों पर पहनने के लिए एकदम सही हैं। यह रोमांचक संग्रह सभी उम्र के प्रशंसकों के लिए आदर्श है, जो ऑनलाइन या भारत भर में 300 से ज्यादा स्टोर में से किसी पर भी उपलब्ध है। इस नए संग्रह के साथ अपने छुट्टियों के मौसम में कालातीत डिज्नी कहानी का स्पर्श जोड़ना सुनिश्चित करें!




# सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 में मेडचल चेंपियन



♦भारत टाइम्स♦

**हैदराबाद।** सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें संस्करण व महिला वर्ग खेलों का समापन प्रायोजक वंडर वॉल पुट्टी, समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाज बंधुओं व टीमों के खिलाड़ियों की उपस्थिति में अलियाबाद स्थित सीरवी क्रिकेट ग्राउण्ड में हुआ। आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में फ्रेन्डस क्लब के सुरेश सैणचा ने बताया कि सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 के तहत पहला सेमीफाइनल मैच टाइटन्स व शमशाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें शमशाबाद 119 रन से विजयी रही। प्रेम सीरवी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दि मैच से नवाजा गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच संगा रेड्डी व मेडचल के बीच खेला गया जीसमे मेडचल 5 विकेट विजयी रहीं अर्जुन चौधरी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबला मेडचल व शमशाबाद के माध्य खेला गया, जिसमें मेडचल की टीम 8 विकेट से विजयी रही।

# वनमंत्री ने राजमाता जीजाबाई सीनियर राष्ट्रीय फाइनल फुटबॉल मैच का किया शुभारंभ





♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर/छत्तीसगढ़। (गोलू मरकाम )।** ओड़िशा को एक गोल से पराजित कर मणिपुर ने जीता फाइनल मैच प्रदेश में फुटबाल की नर्सरी के रूप में पहचान स्थापित करने वाला रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर द्वारा छः माह के भीतर राष्ट्रीय स्तर की तीसरी फुटबाल स्पर्धा की मेजबानी किया गया। स्पर्धा 23 दिसंबर तक चली। इसमें देश के नौ राज्य और रेलवे की टीम ने भाग ली। टीमों को दो समूह में बांटा गया। पहले दिन उद्घाटन मैच झारखंड और तमिलनाडु के बीच खेला गया।

आल इंडिया फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित राजमाता जीजाबाई ट्राफी कई चरणों में संपन्न होती है। जोन स्तर पर खेलकर अंतिम फाइनल राउंड में 10 टीमें शामिल होती हैं। आज 23 दिसंबर को राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा राजमाता जीजाबाई सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चौंपियनशिप के फाइनल मैच ओडिशा और मणिपुर के बीच खेल का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने दोनों राज्यों का खिलाड़ियों का हौसला उपजाई करते हुए शुभकामनाएं दी। इस फाइनल मैच में मणिपुर द्वारा एक गोल से ओडिशा को पराजित कर फुटबॉल मैच में विजय हासिल किया गया।

# मेघनगर प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर सेंट अर्नोल्ड स्कूल में नन्हे मुन्ने नो निहालो ने दी आकर्षक प्रस्तुति

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** मेघनगर की प्रसिद्ध सेंट अर्नाल्ड स्कूल परिसर में क्रिसमस पर्व के अवसर पर प्रभु यीशु के जन्म उत्सव को लेकर नन्हे-मुन्ने शिक्षा के मन्दिर के बच्चों ने अपने टैलेंट का आकर्षक प्रदर्शन करते हुए नाटक के माध्यम प्रेम-दया-क्षमा एवं मानवता का सन्देश रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दिया स्कूल प्रांगण में उपस्थित दर्शको को तालियां ठोंकने पर मजबूर कर दिया मेघनगर सेंट अर्नाल्ड स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद एवं आदी कला का टैलेंटेड भरते हुए आई ए एस आय पी एस डॉक्टर इंजीनियर बनानें के लिए अच्छी पढ़ाई करवाई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थांदला विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक वीरसिंह भूरिया ने शिरकत कर क्रिसमस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी बच्चों के द्वारा अपने हाथों से बनाई गई आर्ट कला की प्रदर्शनी लगाई गई प्रदर्शनी रूम का फिता काटकर शुभारंभ किया एवं प्रदर्शनी का विधायक एवं पत्रकारों ने अवलोकन किया विधायक भूरिया ने कहां झाबुआ जिले की सबसे अच्छी स्कूल है सेंट अर्नाल्ड स्कूल। मेघनगर सेंट अर्नोल्ड स्कूल में




पढ़ाई अच्छी होंने से बच्चों के माता-पिता भी बहुत खुश हैंयह स्कूल ज़िले की मानी हुई स्कूल है यहां बच्चे पढ़ कर फरार्टेदार इंग्लिश भी बोल रहे हैं साथ ही अच्छे संस्कार भी प्राप्त कर रहे हैं । क्रिसमस उत्सव को सेंट अर्नाल्ड स्कूल परिवार ने सादगी के साथ मनाया पत्रकारों का सम्मान भी किया गया इस अवसर पर मैनेजर फादर डिमेलो, प्राचार्य फादर एंड्रयूज लोबू, फादर जोमन जेम्स, सिस्टर दीपा, स्कूल स्टाफ बच्चे पलक गण पीटीए अध्यक्ष जेम्स पॉल, भारत टाइम्स अखबार से रहीम शेरानी, नई दुनिया अखबार से मनीष नहाटा, स्वदेश अखबार से राजेंद्र सोनगरा, समय गति अखबार से फारुक शेरानी, जन जन संदेश अखबार से लोहीत झामर, जगत न्यूज से जाकीर शेख, फर्स्ट खुलासा अखबार से सौरब खमेसरा, जयस झामर, आदी उपस्थित थे अन्त में राष्ट्रीय गान के बाद समापन किया गया रंगारंग कार्यक्रम का सफल संचालन स्कूल के मौसम बच्चे अक्षत चौधरी, विवान कंठालिया द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन प्राचार्य एंड्रयूज लोबू ने माना।

# सुशासन सप्ताह के अवसर पर जिला स्तरीय नवाचार कार्यशाला सम्पन्न

**सुशासन प्रदाय करना हर लोक सेवक की जिम्मेदारी है साथ ही जनता की समस्याओं के निराकरण में सदैव तत्परता से एवं संवेदनशीलता से प्रयासरत रहे - कलेक्टर**




♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** भारत सरकार निदेर्शानुसार सुशासन सप्ताह (19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024) के दौरान जिला स्तरीय नवाचार कार्यशाला का आयोजन जिले के पूर्व कलेक्टर के आतिथ्य में किया जाना था जिसके तहत आजीविका कला दीर्घा में जिला स्तरीय कार्यशाला पूर्व कलेक्टर एवं सेवानिवृत्त आईएएस आशीष सक्सेना के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर नेहा मीना के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर हुआ। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, कार्यशाला की रूपरेखा एवं पूर्व कलेक्टर द्वारा जिले में दापा-दहेज, हाथीपावा पहाड़ी वृक्षारोपण सम्बन्धी नवाचारो के बारे डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रीतिका पाटीदार द्वारा अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में पूर्व कलेक्टर एवं सेवानिवृत्त आईएएस आशीष सक्सेना ने 2016 से 2018 के बीच अपनी पदस्थापना को याद करते हुए कहा कि झाबुआ जिले से असीम प्रेम और मान सम्मान प्राप्त हुआ साथ ही जिले में कार्यकाल अप्रतीम एवं अद्भुत रहा। उन्होने बताया कि सुशासन का अर्थ है किसी सेवा से सम्बन्धी प्रक्रिया को सुलभ बनाया जाए साथ ही कुशासन के चक्र से उसे मुक्त किया जाए।

इसी के साथ जनसह?भागिता को बढ़ा कर जनता के हितलाभ के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। यह आवश्यक है कि प्रत्येक लोक सेवक याद रखे कि सुशासन के माध्यम से किसी व्यक्ति के चेहरे पर लायी गयी मुस्कान जीवन भर की संतुष्टि दे सकती है। साथ ही कुछ योजनाओं के 100 प्रतिशत सैचुरेशन के लिए आवश्यक है कि योजनाओं का चिन्हांकन कर तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु अकांउटेबिलिटी निर्धारित की जाए क्योकि सुशासन का असली मायना हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि सुशासन प्रदाय करना हर लोक सेवक की जिम्मेदारी है साथ ही जनता की समस्याओं के निराकरण में सदैव तत्परता से एवं संवेदनशीलता से प्रयासरत रहना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन की पूरी टीम से कहा कि किसी भी कार्य को पूर्ण करने में चुनौतियाँ आती है, कमियों से सीखकर ही आगे बढ़ना है, सदैव मोटिवेट रहे और जिलेवासियों के लिए कार्य करते रहे। डीएफओ श्री हरे सिंह ठाकुर ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य आम जनता की खुशहाली के लिए कार्य करना। इस कार्यशाला से शिक्षा लेकर आगे कार्य करने को प्रोत्साहित करती रहेगी।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान की ने कहा कि भारत शासन की पहल लोक सेवको को प्रोत्साहित करने हेतु इस नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमे पुराने कार्यों से अनुभव लेकर नए कार्यों को मूर्त रूप दिया जा सके। नवाचार कार्यशाला-कार्यशाला में जिले में सुशासन से सम्बन्धी नवाचार की प्रसेन्टेशन दी गयी। जिसमे कुपोषण मुक्त झाबुआ के बारे मे आर. एस. बघेल, वेस्ट से वेल्थ की तर्ज पर बने गार्डन के सम्बन्ध में सीएमओ संजय पाटीदार एवं सीड बाल्स के तहत बनाये वर्ल्ड रेकॉर्ड पर बनी शॉर्ट मूवी और प्रेजन्टैशन दिखायी। हितग्राही कार्यशाला के दौरान आयुष्मान कार्ड से प्राप्त हुए लाभ के तहत हितग्राही एवं मोट्रेटड ट्राइसाइकिल प्राप्त दिव्यांग हितग्राही से चर्चा की गयी। **सांस्कृतिक कार्यक्रम-** सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पीएमश्री कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अक्षय सिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भास्कर गाचले, एस डी ओ पी झाबुआ श्रीमती रूपरेखा यादव एवं समस्त जिला अधिकारी, पीएम श्री कन्या विद्यालय के प्राचार्य, संचालक हरीश कुंडल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों का अनशन आश्वासन के चलते समाप्त

♦भारत टाइम्स♦

**हाथरस/अजय भारद्वाज।** नगर पालिका में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों द्वारा वेतन वृद्धि, फर्जी कर्मचारियों की जाँच, चार दिन की छुट्टी सहित वेतन न मिलने की मांग को लेकर नाराज आउटसोर्सिंग कर्मचारी अध्यक्ष जॉनी राज, स्थानीय निकाय संघ अनिकेत व डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर्मचारियों ने विकास कुमार के नेतृत्व मे संयुक्त रूप से नगर पालिका परिसर मे हड़ताल कर नगर पालिका प्रशाशन व न्यू होप कंपनी ठेकेदार विपुल गौड़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कर्मचारी अध्यक्ष जॉनी राज ने बताया कि उक्त सभी समस्यायों के समाधान के लिए पूर्व मे पालिका प्रशासन व ठेकेदार को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। लेकिन हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया। वेतन वृद्धि को लेकर नई निविदा हो चुकी है लेकिन पालिका प्रशासन उसे लागू नहीं कर रहा है। पालिका मे 60 कर्मचारियों का वेतन फर्जी तरह से निकाला जा रहा है जिसकी अभी तक जाँच नहीं हुई। जिसमें 33 फर्जी कर्मचारियों की सूची भी दी गयी, कर्मचारियों को छुट्टी भी नहीं दी जा रही है, आउटसोर्सिंग व कूड़ा कलेक्शन कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे कर्मचारी भुखमरी के कगार पर है तथा मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है, संघ ने जल्द से जल्द नई निविदा लागू करने, 4 छुट्टी, रुका वेतन दिलाये जाने, कर्मचारियों की जाँच कराने की मांग की है अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह ने संघ के लोगों से हड़ताल खत्म कर उक्त समस्याओं के समाधान के लिए सात दिन की मोहलत मांगी है। इस मौके पर जॉनी राज, सौरव चौहान, विष्णु कुमार, स्थानीय निकाय अनिकेत वाल्मीकि, अर्जुन वाल्मीकि, गटुआ,डेविड बकनर,गोलू वाल्मीकि, सागर, निहाल, विशाल चौहान,अर्जुन भईया, बॉबी,लवकुश, पंकज सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।